
दैनिक अमन लेखनी
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



हमारे राम में रावण बने.....



पैपराजी से चेहरा छुपाती आई नजर.....

वर्ष : 11 | अंक : 215 | लखनऊ, 22 जुलाई, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें : प्रधानमंत्री मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है और दल हित में उनके मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलने चाहिए। प्रधानमंत्री ने सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मानसून सत्र को विजयोत्सव बताया।

उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति देखी और आतंकवाद के आका बेनकाब हुए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने 100 फीसदी लक्ष्य हासिल किए और करीब 22 मिनट में ही आतंकवादियों के ठिकानों को जमींदोज कर दिया गया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे सांसदों ने पूरी दुनिया में जा कर आतंकवाद के आका पाकिस्तान को बेनकाब किया। विश्व ने भारत की बात को स्वीकार करने की दिशा में अपने मन के द्वार खोले और इसके लिए हमारे राजनीतिक दल एवं सांसद सराहना के पात्र हैं। मोदी ने आह्वान किया कि सेना के सामर्थ्य की सराहना की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तिरंगा लहरा चुका है और प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे देश में विज्ञान के प्रति उमंग एवं उत्साह है। प्रधानमंत्री ने कहा, नक्सलवाद का दायरा आज सिकुड़ रहा है और कल तक तो रेड कॉरिडोर थे, वे आज ग्रीन, ग्रोथ जोन में परिवर्तित हो रहे हैं। उन्होंने कहा भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कभी देश में महंगाई दर दोहरे अंकों में थी लेकिन आज यह दो फीसद के आसपास आ चुकी है और आम आदमी को राहत मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की विकास यात्रा एवं प्रगति को बल देने वाले तथा नागरिकों के हितों से जुड़े अनेक विधेयक प्रस्तावित हैं और इस सत्र में उन्हें चर्चा कर पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा, सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है लेकिन दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें। मोदी ने कहा देश ने एकता की ताकत देखी है और यह देखा है कि एक स्वर का सामर्थ्य क्या होता है। संसद में भी यही बात नजर आनी चाहिए।

## दिल्ली में बच्चों को गैर-हिंदी भाषाएं सिखाने की संभावनाएं तलाशेंगे : मुख्यमंत्री गुप्ता


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए अन्य राज्यों के छात्रों के साथ एक कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस पहल पर हाल में कला, संस्कृति एवं विभाग के साथ हुई बैठक में चर्चा की गई। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बच्चों को गैर-हिंदी भाषाएं सिखाने की संभावनाएं तलाशने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे उन्हें अन्य राज्यों की सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को समझने में मदद मिलेगी। गुप्ता ने कहा कि इस तरह की पहल से देश की विविधता में एकता को काफी मजबूती मिलेगी। अधिकारियों को राजधानी में भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश भी दिया गया।

# राहुल गांधी ने लगाया बड़ा आरोप

## मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा....

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मानसून सत्र के पहले दिन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्ष के सदस्यों, जिनमें मैं भी शामिल हूं, जो विपक्ष का नेता हूं, को बोलने की अनुमति नहीं है। यह एक नया दृष्टिकोण है। परंपरा कहती है कि यदि सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह दी जानी चाहिए।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अगर वे (सरकार) चर्चा के लिए तैयार हैं, तो उन्हें विपक्ष के नेता को बोलने देना चाहिए। वह बोलने के लिए खड़े हुए हैं, इसलिए उन्हें बोलने दिया जाना चाहिए। सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोच्च है। पूरा विपक्ष और जनता सशस्त्र बलों और सरकार के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी कहां हैं? सुरक्षा में इस नाकामी की जिम्मेदारी कौन लेगा?

ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के लगातार नारे लगाने के कारण लोकसभा की कार्यवाही 1400 बजे तक स्थगित कर दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चर्चा के एजेंडे पर निर्णय लेने के लिए 1430 बजे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक होगी। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन वे (विपक्षी सांसद) यहां (सदन के वेल में) विरोध कर रहे हैं। मानसून सत्र के पहले दिन इस तरह विरोध करना सही नहीं है।

स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर जवाब देना चाहती है। सदन चलना चाहिए। आप यहां नारे लगाने नहीं आए हैं। सदन नियम-कानून के अनुसार चलता है। विपक्ष से उन्होंने कहा कि यदि उन्हें नारेबाजी करनी है तो वे सदन से बाहर चले जाएं क्योंकि सदन के भीतर ऐसा करना उचित नहीं है। नियमानुसार उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा होगी। विपक्ष ने उन्होंने कहा कि आप नोटिस दीजिए और जो भी मुद्दा हो, उस पर प्रश्नकाल के बाद चर्चा होगी। पहले दिन सदन चलना चाहिए और अच्छी चर्चा होनी चाहिए। मैं हर सांसद को उचित समय और अवसर दूँगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

# लालजी टंडन का संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आदर्श उदाहरणः योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार व मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री दिवंगत लालजी टंडन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आदर्श उदाहरण है। सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने कहा, पूर्व राज्यपाल, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं अद्वितीय जनसेवक श्रद्धेय लालजी टंडन बाबू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने कहा, आपका (लालजी टंडन) संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मयार्दाओं का आदर्श उदाहरण है। संगठन-साधना, शुचिता और सेवा के जो संस्कार आपने राजनीति को दिए, वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। लालजी टंडन का जन्म उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 12 अप्रैल 1935 को हुआ और 21 जुलाई 2020 को 85 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। टंडन लखनऊ संसदीय क्षेत्र से 2009 में लोकसभा सदस्य चुने गए और इसके पहले वह विधानसभा और विधान परिषद के भी सदस्य रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और विधान परिषद में नेता सदन की भूमिका का भी निर्वहन किया।

# मणिपुर में तीन उग्रवादियों सहित छह लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मणिपुर, मणिपुर के इंफाल पूर्व और काकचिंग जिलों से सुरक्षा बलों ने दो प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में बताया गया कि गोला-बारूद की अवैध बिक्री में शामिल होने के आरोप में तीन अन्य लोगों को भी इंफाल पश्चिम जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन प्रेपक के स्वयंभू सार्जेंट मेजर को शनिवार को इंफाल पूर्व जिले के कोंथा अहलुप स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि उसने म्यांमा के तानल में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया था और पिछले साल अक्टूबर में संगठन के लिए एक काडर की भर्ती की थी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित यूपीपीके के दो सक्रिय सदस्यों को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में रविवार को काकचिंग के एक बाजार से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने गोला-बारूद की अवैध बिक्री में संलिप्तता के आरोप में इंफाल पश्चिम जिले के थांगमेइब और खुयाथोंग पोलेम लेइकाई इलाकों से भी रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से 100 से अधिक गोला-बारूद बरामद किए गए। सुरक्षा बल दो साल पहले जातीय हिंसा भड़कने के बाद से मणिपुर में तलाश अभियान चला रहे हैं। मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में मई 2023 से 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था। राज्य विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा, 2027 तक था कार्यकाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, इस वक्त की बड़ी खबर रही है कि भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीश धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उन्होंने अपना इस्तीफा भेजा है। जगदीप धनखड़ का कार्यकाल 2027 तक था। अपनी स्थिति में जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्रिमंडल का धन्यवाद दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सांसदों का समय और विश्वासक लिए भी आभार जताया हैं।

## एकनाथ शिंदे ने नीरो का उदाहरण देकर उद्धव पर निशाना साधा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (उबाठा) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए रोम के सम्राट नीरो और उनसे जुड़ी एक लोकप्रिय किंवदंती का जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष के चुनाव हारने पर निर्वाचन आयोग की चुनिंदा आलोचना पर भी सवाल उठाया। शिवसेना प्रमुख शिंदे ने उद्धव का नाम लिए बिना कहा, यह अजीब बात है कि कुछ लोग तब भी जश्न मना रहे हैं, जब लोग उनकी पार्टी (शिवसेना-उबाठा) छोड़ रहे हैं। हमने इस तरह का व्यवहार पहले कभी नहीं देखा। जब रोम जल रहा था, नीरो बांसुरी बजा रहा था। उन्होंने कहा कि आत्मनिरीक्षण करने के बजाय, कुछ नेता सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं और दूसरों को कोस रहे हैं। शिंदे ने ठाणे में चिकित्सा उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, जब उन्हें लोकसभा चुनावों में वांछित परिणाम मिलते हैं तो वे निर्वाचन आयोग को अच्छा मानते हैं, लेकिन जब चीजें उनके अनुरूप नहीं होती हैं तो वे व्यवस्था को दोष देते हैं।

# डीयू स्नातक दाखिलाः 72,000 से अधिक छात्रों ने आवंटित सीट स्वीकार कीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार





नई दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की स्नातक सीट आवंटन प्रक्रिया के पहले दौर में 72,659 विद्यार्थियों ने आवंटित सीट स्वीकार कर ली है। विश्वविद्यालय ने यह जानकारी दी। ये आंकड़े रविवार शाम पांच बजे साझा सीट आवंटन प्रणाली-स्नातक (सीएसएएस-यूजी) की पहली सूची जारी होने के बाद रविवार रात नौ बजकर 40 मिनट तक पहले दौर के दाखिले की वास्तविक स्थिति दशार्ते हैं। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष 71,624 के मुकाबले 93,166 सीट का आवंटन किया है जिससे यह साफ है कि आगे कई बार सीट का पुनः आवंटन और आंतरिक बदलाव होंगे। ऐसा रुझान पिछले वर्षों में भी देखा गया है। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पिछले वर्षों के रुझान और जरूरतों के आधार पर 93,000 से ज्यादा सीट आवंटित की गई हैं, क्योंकि कई छात्र अपनी सीट एक कॉलेज से दूसरे कॉलेज में बदलते हैं। ये सभी सीट 69 कॉलेज में पढ़ाए जा रहे स्नातक के 79 पाठ्यक्रमों के लिए आवंटित की गई हैं जिसमें सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), सिख अल्पसंख्यक, दिव्यांग, कश्मीरी प्रवासी, इकलौती पुत्री संतान और अनाथ (लड़के और लड़कियां दोनों) जैसी अलग-अलग श्रेणियों को शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय ने बताया कि श्रेणीवार आंकड़ों के तहत इकलौती पुत्री संतान श्रेणी में 1,325 सीट आवंटित की गईं, जबकि अनाथ अभ्यर्थियों को 259 सीट आवंटित की गई हैं जिनमें 127 छात्राएं और 132 छात्र हैं। विश्वविद्यालय ने यह भी बताया कि छात्रों की प्रतिक्रिया काफी तेज रही और आवंटन सूची जारी होने के पहले दो घंटे के भीतर ही 27,533 छात्रों ने अपनी सीट स्वीकार कर ली। अभ्यर्थियों के लिए सीट स्वीकार करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई शाम चार बजकर 59 मिनट है, जिसके बाद 22 जुलाई तक कॉलेज स्तर पर सत्यापन और अनुमोदन होगा। पहले दौर के तहत शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 23 जुलाई है। सीट आवंटन के दूसरे दौर की घोषणा 28 जुलाई को शाम पांच बजे की जाएगी, जबकि प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र एक अगस्त से शुरू होगा। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ प्रदर्शन आधारित पाठ्यक्रमों जैसे हिंदुस्तानी संगीत, कर्नाटक संगीत, ताल वाद्य संगीत, शारीरिक शिक्षा आदि के लिए सीट का आवंटन तीसरे दौर में किया जाएगा।

# प्रतापगढ़ में धर्मांतरण के मामले में आठ लोग गिरफ्तार

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में धर्मांतरण के एक मामले में रविवार को एक महिला समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) संजय राय के अनुसार, एक गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने जेठवारा थाना क्षेत्र के काछा दुबे का पुरवा गांव में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान पुलिस को धार्मिक पोस्टर, लकड़ी का एक क्रॉस, धार्मिक साहित्य और ईसा मसीह की तस्वीरें बरामद हुईं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने यह कार्रवाई उन आरोपों के बाद की कि आरोपी लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन देकर धर्मांतरण में संलिप्त थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दूधनाथ निवासी रामचन्द्र वर्मा, गेहरी के राजेंद्र वर्मा, राम सनेही सरोज, अशोक सरोज और सुरेंद्र उर्फ कल्लू सरोज (सभी भग्गूपुरवा निवासी), संसारीपुर के मुकेश कुमार सरोज और सुनील सरोज के रूप में हुई। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा पुलिस ने एक महिला को भी गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान उजागर नहीं की गई है।

# बड़ी उपलब्धि! सफदरजंग अस्पताल में चिकित्सकों ने मरीज के पेट से 10 किलोग्राम वजन का ट्यूमर निकाला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम ने एक मरीज के पेट से 10.6 किलोग्राम का गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर (जीआईएसटी) सफलतापूर्वक निकाला है। यह ट्यूमर उसके कई भीतरी अंग प्रणालियों पर अत्यधिक दबाव डाल रहा था। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर पाचन तंत्र में होने वाले दुर्लभ कैंसरयुक्त ट्यूमर हैं।

अस्पताल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि ट्यूमर मरीज के पेट और उसके आस पास के अंगों के आवरण समेत लगभग सभी हिस्सों तक फैल गया था। मरीज आठ महीने से इस बीमारी से पीड़ित था। इस प्रक्रिया के लिए असाधारण सर्जिकल विशेषज्ञता की आवश्यकता थी क्योंकि सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान इसे बाहर निकालना और सर्जरी के बाद की स्थिति में मरीज को संभालना बेहद जटिल प्रक्रिया थी।

### ट्यूमर को सर्जरी कर निकालना काफी जटिल था

वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने कहा, सर्जरी के क्षेत्र में यह उल्लेखनीय उपलब्धि अस्पताल में उत्कृष्ट सहयोगात्मक चिकित्सा पद्धति को दशार्ती है। उन्होंने कहा, 10.6 किलोग्राम वजन के इस बड़े आकार के ट्यूमर को सर्जरी कर निकालना काफी जटिल था, क्योंकि इसमें कई अंग प्रणालियां शामिल थीं। सर्जरी की सफलता हमारी टीम की रोगी देखभाल और सर्जिकल नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। निदेशक ने कहा कि ऐसे जटिल मामलों में न केवल उन्नत सर्जिकल कौशल की आवश्यकता होती है, बल्कि विशेषज्ञ सर्जिकल टीम से लेकर कुशल एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (एनेस्थेसिया विशेषज्ञों) और समर्पित नर्सिंग स्टाफ से लेकर अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय की भी आवश्यकता होती है।

## मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा मार्गों पर मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुजफ्फरनगर, मुजफ्फरनगर जिले की सिविल लाइन थाना पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 324 ग्राम गांजा, 10 ग्राम चरस और 19,450 रुपये जब्त किए गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजूकुमार साव ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने वैभव, गुलशन कुमार और कृष्ण कुमार के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मौत की सजा पाने वाले 5 सहित सभी 12 दोषियों को बरी कर दिया गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई , 2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों के उन्नीस साल बाद, जिसमें 189 लोगों की जान गई थी और 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज इस सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए सभी 12 लोगों को बरी कर दिया। 2015 में, एक निचली अदालत ने इन 12 आरोपियों को दोषी ठहराया था और उनमें से पाँच को मौत की सजा और बाकी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की उच्च न्यायालय की पीठ ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में ₹पूरी तरह विफल₹ रहा है। अदालत ने कहा कि प्रमुख गवाह अविश्वसनीय थे, पहचान परेड संदिग्ध थी और यातना देकर इकबालिया बयान लिए गए थे। पीठ ने कहा, ₹बचाव पक्ष ने पहचान परेड के बारे में गंभीर सवाल उठाए थे। कई गवाह असामान्य रूप से लंबे समय तक, कुछ तो चार साल से भी ज्यादा समय तक चुप रहे और फिर अचानक आरोपी की पहचान कर ली। यह असामान्य है। अदालत ने पाया कि एक गवाह ने घाटकोपर विस्फोट मामले सहित कई असंबंधित अपराध शाखा मामलों में गवाही दी थी, जिससे उसकी गवाही 'अविश्वसनीय' हो गई। कई अन्य गवाह यह बताने में विफल रहे कि वे वर्षों बाद अचानक आरोपी को कैसे याद कर पाए और उसकी पहचान कैसे कर पाए। न्यायाधीशों ने प्रक्रियागत खामियों पर भी प्रकाश डाला। पीठ ने कहा, ₹मुकदमे के दौरान कुछ गवाहों से पूछताछ तक नहीं की गई। आरडीएक्स और अन्य विस्फोटक सामग्री जैसी बरामदगी के मामले में, अभियोजन पक्ष तब तक यह साबित नहीं कर सका कि सबूत तब तक पवित्र थे जब तक कि वे फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में नहीं पहुँच गए।

विवेक का प्रयोग न करने₹ का हवाला देते हुए, उच्च न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह विफल रहा। पीठ ने कहा, यह कहना मुश्किल है कि अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को साबित कर सकता है, और विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत के अक्टूबर 2015 के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें पाँच लोगों को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2015 में एक निचली अदालत ने विस्फोट मामले में 12 लोगों को दोषी ठहराया था। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम की विशेष अदालत ने फैसल शेख, आसिफ खान, कमाल अंसारी, एहतेशाम सिद्दिकी और नवीद खान को मौत की सजा सुनाई थी। सात अन्य दोषियों मोहम्मद साजिद अंसारी, मोहम्मद अली, डॉ. तनवीर अंसारी, माजिद शफी, मुजम्मिल शेख, सोहेल शेख और जमीर शेख को साजिश में शामिल होने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आज उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सभी 12 दोषी अब रिहा हो जाएँगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कक्षा 9 की छात्रा लापता

अमल लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से स्कूल गई कक्षा 9 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के एक गांव में रहने वाले किसान के मुताबिक उसकी 15 वषीर्या बेटी पड़ोसी गांव में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है। वह शनिवार को सुबह करीब 7 बजे पढ़ने के लिए स्कूल गई थी, लेकिन दोपहर बाद करीब 2 बजे स्कूल में छुट्टी होने के बाद घर नहीं पहुंची। काफी देर इंतजार के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान उन्होंने परिचितों और रिश्तेदारों के यहां पता किया, लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों का कहना है कि उसके पास कोई मोबाइल फोन भी नहीं है। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने इसकी सूचना बंथरा थाने में दी। बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तहसील में बैठ कर किया भूख हड़ताल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। डीएम और एसडीएम को दिए गए ज्ञापन के बाद समस्याओं का निस्तारण न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ता सोमवार को सरोजनी नगर तहसील में भूख हड़ताल पर बैठ गए। संगठन के उत्तर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के नेतृत्व में बैठे संगठन कार्यकताओं का कहना था कि कुसम्भी से नदउन्हा को जाने वाली नहर पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी है। साथ ही रहीम नगर पड़ियाना में वर्ष 2008 से 2023 तक चकबंदी ग्राम सभा घोषित होने के बाद सरोजनी नगर तहसील के राजस्व अभिलेखों में ऑनलाइन खतौनी दर्ज नहीं हो पाई। जिससे भूमि का क्रय और विक्रय नहीं हो हो पा रहा है। क्रेडिट कार्ड नहीं बन पा रहे और किसान सम्मान निधि का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या अत्यधिक होने की वजह से किसानों की फसल लगातार पशुओं द्वारा नष्ट की जा रही है। जिन्हें पकड़वा कर गौशालाओं में बंद करने के साथ तहसील क्षेत्र के ज्यादा ग्राम पंचायत भवन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ना ही नियमित डॉक्टर आते हैं और ना ही नर्स। ज्यादातर भवन बंद पड़े हैं। जिनको खुलवाने और विभिन्न गांवों में भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीनों पर जारी अवैध कब्जे को हटाने सहित कई मांगों को लेकर बीते दिनों डीएम और सरोजनी नगर एसडीम को ज्ञापन देकर उक्त समस्याएं निस्तारित करने की मांग की गई थी। जिस पर अब तक नहीं ध्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि इसको लेकर 3 दिन पहले डीएम को भी लिखित पत्र देकर सचेत किया गया था कि अगर समस्याओं पर ध्यान ना दिया गया तो 21 जुलाई को वह सरोजनी नगर एसडीएम कार्यालय पर अनिश्चित भूख हड़ताल करेंगे। इसी के तहत संगठन के कार्यकताओं ने सोमवार को सरोजनगर तहसील में अनिश्चित भूख हड़ताल शुरू कर दी। दिन भर चली भूख हड़ताल के बाद शाम करीब 5 बजे एसडीएम सचिन वर्मा ने किसान नेताओं के पास बैठकर उनसे वार्ता की। इसके बाद एसडीएम ने एक माह के अंदर उनकी सभी समस्याओं का निस्तारण कराने का लिखित आश्वासन देने के साथ ऋषि मिश्रा को बूंदी खिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करा दी। इस भूख हड़ताल में संगठन के प्रदेश प्रवक्ता अनिल वर्मा, जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध गौतम, इंद्रसेन, नीरज रावत, इरफान, सुरेंद्र, सद्गुरु व समर बहादुर उर्फ गोविंद रावत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## देश के लिए शहीद हुवे जवान का भी नहीं हो रहा है मान

### शहीद स्मारक पर आज तक एक लाइट नहीं लगी

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह



मोहनलालगंज। कारगिल युद्ध के दौरान 22 मार्च 2002 को शहीद हुए निगोहां के स्व.अमरेंद्र बहादुर सिंह को लगभग ढाई दशक का समय बीत गया लेकिन गांव में बने हुए ह्यह्यशहीद स्मारकह्यह्य की तरफ कोई ध्यान देने वाला नही है शहादत की तिथि को प्रतिवर्ष कार्यक्रम होता है जिसमें सांसद और विधायक तक आते है और पिछले 24 वर्षो से यही आश्वासन मिल रहा है कि जल्द ही स्मारक का सौन्दर्यकरण सोलर लाइट आदि से संतृप्त कर दिया जायेगा साथ ही शहीद हुए जवान की प्रतिमा भी लगेगी लेकिन ये बातें सिर्फ शहीद स्मारक स्थल तक रह जाती है

### शहीद जवान के माता–पिता को मलाल, मेरे लाल के स्मारक का कोई नही है पुरुषाहाल

शहीद जवान अमरेंद्र सिंह के पिता जंग बहादुर सिंह जो अब काफी बूढ़े हो चुके है जब अपनें बेंटे को याद करते है तो आंखों में आंसू आ जाते है यही आंसू तब और गुस्सा में बदल जाते है जब बेटे के सम्मान में जनप्रतिनिधि द्वारा केवल आश्वासन की घुट्टी उन्हे मिलती है शहीद की मां गीता सिंह बताती है कि उन्होने अपनें बच्चें को तो देश के लिए खो दिया सरकार और जनप्रतिनिधि अगर चाहते तो उनके बेटे के नाम का गांव में एक द्वार ही लग जाता जिससे उन्हे भी लगता कि शहादत का सरकार ने मान रखा। एसडीएम मोहनलालगंज अंकित शुक्ला से जब इस प्रकरण पर बात की गयी तो उन्होने कहा कि मामला उनकी जानकारी में अभी आया है शहीद स्मारक स्थल का सौन्दर्यकरण होगा साथ ही, अन्य योजनांओ के तहत पूरी तरह से इस स्मारक को संतृप्त किया जायेगा।

## उत्तर प्रदेश में 23 जुलाई से शुरू होगा मेगा पशु टीकाकरण अभियान, नए पशुओं की होगी डिजिटल टैगिंग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए 15 दिनों का विशेष टीकाकरण अभियान 23 जुलाई से चलाया जाएगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि खुरपका-मुहंपका रोग (एफएमडी) टीकाकरण शत प्रतिशत भारत पशुधन एप पर अंकित किया जाए। साथ के साथ नये पशुओं को टैग लगाकर पंजीकरण भी करें। टीकाकरण में राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता भी होनी चाहिए। उन्होंने पशुधन प्रक्षेत्रों में सेक्सड सार्टेड सीमेन और भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला की स्थापना कराने को प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए। सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में विभाग की समीक्षा के दौरान पशुधन मंत्री ने कहा कि दिसंबर तक 80 प्रतिशत बजट का व्यय विभाग द्वारा सुनिश्चित कर लिया जाए। गोवंशीय देशी नस्लों के संरक्षण एवं उन्नत नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गभार्धान कराया जाए। चारा बीज की बोआइ को गोआश्रय स्थलों से संबद्ध गोचर भूमि को प्राथमिकता दी जाए। आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंश के प्रबंधन, भरण पोषण, रेडियम बेल्ट की प्रगति आदि के मूल्यांकन को नियमित निरीक्षण किया जाए। निर्देश दिए कि गोरखपुर, कन्नौज व कानपुर डेयरी प्लांट को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को हस्तांतरित कराने की कार्रवाई तत्काल शुरू की जाए। पराग उत्पादों की पैकिंग एक समान कराई जाए। बैठक में प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास अमित कुमार घोष, विशेष सचिव देवेन्द्र पांडेय, प्रबंध निदेशक पीसीडीएफ वैभव श्रीवास्तव, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, निदेशक पशुपालन प्रशासन एवं विकास योगेंद्र पवार, निदेशक रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र राजीव सक्सेना आदि उपस्थित थे।

## सीएम योगी से मिले बृजभूषण शरण सिंह, दूरियां हो गईं खत्म, क्या बोले?

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। यूपी कद्दावर नेता और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सोमवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने उनके लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचे। ब्रजभूषण की मुख्यमंत्री से यह मुलाकात ढाई साल बाद हुई है।पिछली बार उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात करीब ढाई साल पहले 29 दिसंबर 2022 को हुई थी। पिछले कुछ समय से बृजभूषण शरण सिंह अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में थे। वह लगातार सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठा रहे थे और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को छोटा भाई भी बताया था। सीएम आवास में बृजभूषण शरण सिंह एक घंटे तक रहे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ बन गई दूरियों को कम करने के लिए बृजभूषण उनसे मिलने पहुंचे थे। हालांकि सीएम आवास से निकलने पर उनकी बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि दूरियां अभी कम नहीं हुई हैं।मीडिया के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं तो मुलाकात होनी ही चाहिए और हुई है। जब यह पूछा गया कि क्या खास रहा, तो बोले उनसे मुलाकात ही खास रही। ब्रजभूषण ने कहा कि यह व्यक्तिगत मुलाकात थी और मुख्यमंत्री कार्यालय से उन्हें बुलाया गया था। बृजभूषण शरण सिंह की गिनती खुलकर बोलने वाले नेताओं में होती है। इसके बाद भी वह ज्यादा नहीं बोले।कहा जा रहा है कि अगर सबकुछ बृजभूषण शरण सिंह के मन मुताबिक होता तो वह खुलकर मीडिया के सवालों का जवाब देते। इस तरह से बिना ज्यादा बोले निकलते नहीं। ऐसे में कहा जा रहा है कि जिस आशा और अपेक्षा को लेकर वह मुख्यमंत्री से मिलने गए थे, वह पूरी नहीं हो सकी है। या यह कहा जाए कि उस तरह का आश्वासन नहीं मिल सका है। उनके चेहरे से भी यह साफ झलक रहा था। यानी जो दूरियां मुख्यमंत्री के साथ थीं, अब भी बरकरार हैं।दरअसल यूपी में गोरखपुर औ देवीपाटन इलाका मुख्यमंत्री का काफी करीबी इलाका है। गोरखपुर की तरह देवीपाटन में भी उनका एक मंदिर है। दोनों एक ही मठ से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री लगातार बलरामपुर जाते रहते हैं। कहा जाता है कि देवपाटन में ठेकों और पट्टों पर बृजभूषण शरण सिंह का आधिपत्य है। उससे मुख्यमंत्री भी नाराज हैं। पीडब्ल्यूडी के करोड़ों के ठेकों को कई बार निरस्त भी किया गया है। वहां के अधिकारियों को सस्पेंड भी किया गया है।इसके साथ ही बृजभूषण शरण सिंह की दंबगई और राजनीतिक पृष्ठभूमि को लेकर तालमेल सरकार के साथ नहीं बैठ रहा था। बृजभूषण शरण सिंह सार्वजनिक रूप से अधिकारियों के भ्रष्टाचार को लेकर बोलते रहते हैं और अखिलेश यादव का महिमा मंडन भी करते रहते हैं। यह सब चीजें लंबे समय से चली आ रही थीं। यह सब चीजें ही दूरियां बढ़ा रही थीं। इन सब चीजों को लेकर ही बृजभूषण शरण सिंह सीएम योगी से मिलने पहुंचे थे। हालांकि बाहर निकलने पर साफ दिखाई दिया कि उनकी आशाएं अभी पूरी नहीं हुई हैं।

## धर्म छुपाकर युवती से की शादी! विवेक रावत निकला कमरूल हक, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



आरोपी कमरुल हक – फोटो

मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी समाजसेविका से धर्म छुपाकर विवेक बनकर शादी करने वाले आरोपी हरदोई जनपद के दहेलिया पिहानी निवासी कमरूल हक को रविवार देर रात अनीपुर अटेर मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इंस्पेक्टर आनंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपी दो नामों व दो पतों का इस्तेमाल कर रहा था।जिसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड विवेक नाम का मिला है। आरोपी कमरूल हक ने आठ साल पहले 2017 में धर्म छिपा कर समाजसेविका से आर्य समाज में मंदिर में शादी की थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी थी। रविवार देर रात क्राइम, सर्विलांस व पुलिस टीम आरोपी कमरूल हक को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी कमरुल हक ट्रेवल एजेंसी का कार्य करता है। आरोपी पहले से शादीशुदा है।आरोपी पहले से शादीशुदा है

समाजसेविका युवती का कहना है कि कमरूल हक ने हिन्दू धर्म का विवेक बता कर परिजनों की उपस्थिति में मंदिर में शादी हुई थी। आरोपी कमरुल हक युवती के साथ ही घर पर पूजा पाठ करता था। साथ ही हाथ में कलावा और माथे पर टीका लगता था. आरोपी पति ने लंबे समय से जब फोन उठाना बंद किया तब युवती हरदोई जनपद की पिहानी पहुंची तो ऑटो वाले से जानकारी हुई कि विवेक तो कमरूल हक है। जिसके बाद युवती ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## दाखिल-खारिज में अब देरी नहीं, 45 दिन में निस्तारण अनिवार्य, जिम्मेदारी डीएम-आयुक्त पर तय

### संपत्तियों के दाखिल खारिज में देरी होने पर डीएम भी होंगे जिम्मेदार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजस्व विभाग ने संपत्तियों के दाखिल खारिज के मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए नई व्यवस्था बनाई है। इसके तहत अब संपत्तियों के दाखिल खारिज में देरी पर मंडलायुक्त के साथ-साथ संबंधित जिलाधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। साथ ही राजस्व संहिता के अनुसार गैर विवादित मामलों में 45 दिन नामांतरण करना होगा। विवादित मामलों में 90 दिनों में संबंधित अधिकारियों को निर्णय लेना होगा। दाखिल खारिज के मामलों में देरी पर हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद राजस्व विभाग ने यह व्यवस्था बनाई है। प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि राजस्व संहिता-2006 की धारा 34/35 के तहत अंतरण मामलों में अविवादित नामांमरण का वाद 45 दिनों और विवादित होने पर 90 दिनों में निस्तारित नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल हो रही हैं। इसलिए धारा-34 के अंतर्गत प्राप्त, लेकिन पंजीकरण के लिए लटके मामलों का आरसीसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराया जाएगा। प्रार्थना पत्रों को लंबित रखने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त और जिलाधिकारी अपने स्तर से कार्ययोजना बनाकर नामांतरण के लिए लंबित मामलों को देखेंगे। वादों के समय से निस्तारित कराने के लिए समीक्षा की जाएगी। मंडलायुक्त व जिलाधिकारी तहसीलों के पीठासीन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश देंगे। निर्देश को न मानने वाले पीठासीन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने संबंधी प्रस्ताव शासन के साथ राजस्व परिषद को उपलब्ध कराया जाएगा।

## बाराही देवी मंदिर पर सामूहिक रुद्राभिषेक, 151 जोड़ों ने की पूजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मां बाराही देवी मंदिर परिसर में बम भोले वैदिक मंत्रोच्चारण और हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा शिवालय मंदिर दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने इस पूजन में अपनी हिस्सेदारी निभाई सोमवार को बाराही देवी मंदिर में सामूहिक रूद्राभिषेक में शामिल दंपती। सावन माह के द्वितीय सोमवार को मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 151 जोड़ों ने भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। आयोजन समिति के संरक्षक रमेश सिंह चौहान, आचार्य पंडित पपन्नाचार्य बाल स्वामी जी महाराज की अगुवाई में रुद्राभिषेक की शुरूआत हुई.



रुद्राभिषेक कार्यक्रम में शामिल लोग

इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा। मंदिर को आकर्षण ढंग से सजाया गया था। दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने इस पूजन में अपनी हिस्सेदारी निभाई। सामूहिक रुद्राभिषेक के दौरान विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से परिसर भक्तिमय बन गया था। आचार्यों ने बताया कि रुद्राभिषेक करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और आरोग्य मिलता है। इसके अलावा ग्रहों की बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं। रुद्राभिषेक करने से जातक के सभी रोग, दोष और भय दूर होते हैं। मंदिर संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने बताया कि धार्मिक और मांगलिक कार्यों में विशेष रुचि लेता हैं। जबकि रुद्राभिषेक व सामूहिक यज्ञोपवीत का आयोजन किया गया था।इस मौके पर माल प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान, नीलकमल पांडेय, मोहित प्रताप सिंह, रामकिशोर त्रिपाठी, अनुज सैनी, गुड्डू, सत्यम, राकेश सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## बिजली विभाग में बड़ी कार्रवाई, बरेली और सहारनपुर के अफसरों को तुरंत ऑफिस छोड़ने का आदेश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जनता की शिकायतों का निस्तारण न होने, वसूली में लापरवाही और बिजली चोरी बढ़ने आदि को लेकर पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने सहारनपुर के एसडीओ और बरेली के अधिशासी अभियंता को तत्काल प्रभाव से शक्ति भवन को सरेंडर करने के निर्देश दिये। उपभोक्ता सेवा में लापरवाही पर बरेली व रायबरेली के मुख्य अभियंता को चेतावनी और सहारनपुर के मुख्य अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कानपुर के मुख्य अभियंता से भी लापरवाही के लिए असंतोष जताया। संविदा कर्मियों को समय से भुगतान के निर्देश दिए। इसी माह बायोमेट्रिक उपस्थिति सौ प्रतिशत सुनिश्चित करने की भी हिदायत दी। सोमवार को डिस्काम की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि कि बिलिंग एजेंसियां अपने कार्मिकों को समय से भुगतान सुनिश्चित करें। डिस्काम स्तर पर इसकी मानीटरिग की जाए। अब नियमित कर्मियों को जुलाई का वेतन तभी मिलेगा, जब संविदा कर्मिको को भुगतान मिल जाएगा। उन्होंने निदेशक कार्मिक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अध्यक्ष ने मुख्य अभियंता रायबरेली को विद्युत आपूर्ति को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिन फीडर पर लाइन हानियां ज्यादा हैं और पैसा नहीं जमा हो रहा है वहां कार्रवाई करिए। प्रत्येक फीडर का रिव्यू कर लीजिये। कृषि फीडर और रूरल फीडर पर विशेष ध्यान दीजिए। जहां भी शत प्रतिशत बकाया है और विद्युत चोरी ज्यादा है, वहां जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। राजस्व की बहुत कम वसूली वाले क्षेत्रों मे एसडीओ एवं अवर अभियंताओं पर कार्रवाई की जाए। स्थानीय फाल्ट को कम से कम समय में ठीक किया जाए। बिजली बाधित होने पर विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं को पूरी सूचना दें। अधिकारी फोन उठाएं और सबको सही उत्तर दें। इस तरह के कोई निर्देश नहीं है कि अधिकारी या कार्मिक फोन नहीं उठाएगा, केवल यह कहा गया है कि 1912 को इतना विश्वसनीय बनाएं कि उपभोक्ता को किसी को फोन करने की आवश्यकता ही न पड़े। निर्देश दिए कि अधिकारी सभी जिलों में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। सबस्टेशन आदि निर्माण का कमिटमेंट पूरा नहीं करने वाले बड़े विद्युत संयोजन पर कार्रवाई करें। सरकारी मकानों से अवैध रूप से रहने वालों को बाहर किया जाए। निर्देश दिए कि एलएमवी 10 पर मीटर लगाइये। यह इनर्जी एकाउंटिंग के लिए है। पूर्ववत सुविधा जारी रहेगी, जो नही लगवाएगा उस पर सख्ती होगी। बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज कुमार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सोहरा मऊ थाना अंतर्गत दरेहटा अचली गांव निवासी रोहित सिंह (36) उन्नाव के ही पुरवा विधायक अनिल सिंह के प्रतिनिधि थे। रोहित रविवार शाम को बाइक से किसी काम के लिए घर से निकले थे। रात करीब 12 बजे बंथरा में बनी - मोहनलालगंज रोड पर धावापुर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रोहित की बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह बाइक सहित उछलकर रोड किनारे जा गिरा। राहगीरों ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद रोहित के परिजनों को घटना की सूचना दी। बाद में रोहित को मरणासन हालत में एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। रोहित के परिवार में पत्नी सोनी के अलावा बेटी छाया और बेटा वीर सिंह है। फिलहाल पुलिस ने रोहित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना की सूचना पुरवा विधायक अनिल सिंह को मिली तो वह मृतक रोहित के घर पहुंचे। उन्होंने मृतक के बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी लेने के साथ सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## लखनऊः धर्मांतरण के मामलों के लिए बनाई सनातन हेल्पलाइन

- हेल्पलाइन की मदद से संस्था ने पहले ही दिन एक पीड़िता को कराया रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। धर्मांतरण के मामलों में सुरक्षा देने को लेकर राजधानी के गोमतीनगर में विश्व हिंदू रक्षा परिषद संगठन की ओर से सनातन हेल्प लाइन कॉल सेंटर की अनूठी शुरूआत की गई है।सोमवार को इस हेल्प लाइन कॉल सेंटर की विधिवत शुरूआत कर दी गई। पहले ही दिन हेल्पलाइन की मदद से संस्था ने लखनऊ की एक पीड़िता को रेस्क्यू कराया।राज्यवार डेस्क पर महिलाएं भी सुन रहीं समस्याएं इस कॉल सेंटर में अलग अलग राज्यो की डेस्क बनाई गई है। पीड़ित महिलाएं अपनी बात सहज तरीके से बता सके इसके लिए पुरषों के अलावा महिलाओं की विशेष टीम है जो लगातार फोन पर धर्मांतरण पीड़ितों की कॉल रिसीव कर उनकी समस्याएं सुन रही है।इसके बाद समाधान परक सुझाव दे रही है।इसके अलावा छांगुर मामले और आगरा मामले को लेकर स्पेशल हेल्पलाइन नंबर भी कॉल सेंटर से संचालित किया जा रहा है।विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि उनके पास आगरा धर्मांतरण से भी जुड़े हुए पीड़ितों के लगातार फोन आ रहे है और उनको बताया जा रहा है कि जाकिर नायक के तमाम वीडियो पीड़ितों को धर्मांतरण के वक्त दिखाए गए थे इसके अलावा कई ऐसी पीड़ित महिलाएं हैं जिनको शाहीन बाग भी ले जाया गया था।

## श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का सजा भव्य दरबार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सोमवार को मलिहाबाद अमानीगंज में श्री शिवालय मंदिर में कामदा एकादशी पर श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का भव्य दरबार सजाया गया था। इस अवसर पर सबसे पहले विधि विधान के साथ श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद ज्योत दरबार सजाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो उठा। इसके बाद आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर जुटे श्रद्धालुओं ने बताया कि एकादशी को श्याम मंदिर में बाबा की ज्योत जलाई जाती है और भजन संध्या का आयोजन श्री श्याम संकीर्तन टीम द्वारा निस्वार्थ सेवा भाव के साथ किया जाता है। इस मौके पर आलोक गुप्ता, सिंकु गुप्ता, नामित गुप्ता, पिंटू अवस्थी, वैभव गुप्ता, आशीष गुप्ता, एडवोकेट अभिषेक द्विवेदी, शशिधर नाथ गुप्ता, इशू गुप्ता, कल्लू गुप्ता, अश्वनी निगम, शुभ गुप्ता, कुलदीप गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना....

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अरशद पुत्र सुलेमान, निवासी निगोहां, जनपद लखनऊ, छात्र सत्यनारायण तिवारी इंटर कॉलेज निगोहां का इंटरमीडिएट परीक्षा का मूल प्रमाणपत्र अनुक्रमांक संख्या 2255925245, मुख्य परीक्षा वर्षः 2025 किसी कारणवश गुम हो गया है उक्त प्रमाणपत्रों का यदि कोई अनुचित प्रयोग करता है तो वह अमान्य माना जाए यदि किसी सज्जन को यह प्रमाणपत्र प्राप्त हो तो कृपया निम्न पते पर संपर्क कर वापस करने का कष्ट करें।

नाम..अरशद

पिता का नाम.. सुलेमान

पता.. निगोहां, जनपद लखनऊ

## ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सावन माह के दूसरे सोमवार के अवसर पर ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु स्थानीय परियर गंगा तट पर जय घोष के साथ स्नान करने के बाद पूजा अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दिया।रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जल अभिषेक कर मंगल कामना की।श्रद्धालुओं की टोली रविवार शाम से ही आना शुरू हो गई थी।रात में कीर्तन भजन करने के बाद सुबह स्थानीय ब्रमहावर्त गंगा तट पर श्रद्धालु ने ब्रम्हमुहूर्त से ही गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी।वापस लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेस्वर मन्दिर में जलाभिषेक पूजा अर्चना के लिए सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कावरियों की टोली भी जोर शोर के साथ जल भर कर शिव मंदिरों के लिए निकल रहे हैं।इस मौके पर परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे,सिकंदरपुर सरोसी से रमाशंकर तिवारी स्वास्थ टीम के साथ मौजूद रहे।प्रकाश की व्यवस्था जिला पंचायत से की गई।

## इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो डालने पर लोगों ने पुलिस से जांच की लगाई गुहार

बीघापुर, उन्नाव।इंस्टाग्राम फेसबुक पर लगातार अश्लील वीडियो डालने पर समाज में जा रहे गलत संदेशों को लेकर समाज के कुछ लोगों ने पुलिस प्रशासन को जांच कर कार्रवाई करने की उठाई मांग कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी युवती के द्वारा इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो डालने पर समाज में जा रहे बच्चों पर नौजवान युवक युवतियों बुजुर्गों महिलाओं पर प्रभाव को देखते हुए कुछ लोगों के द्वारा पुलिस प्रशासन को इस पर कार्रवाई करने की मांग की है वही समाज में लगातार हो रहे गलत प्रभाव को बच्चों बुजुर्गों तक जाने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की मांग भी उठाई है और कहां है कि शीघ्र ही ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई प्रशासन के द्वारा की जाए इंस्टाग्राम पर यह आईडी बबली रानी 001 पर बनी है जो बताई जा रही है कि यह बीघापुर ब्लॉक के अंतर्गत किसी एक गांव की रहने वाली युवती के द्वारा बनाई गई है जिस पर अभद्र भाषा व अश्लील वीडियो डाला है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

## रहस्यमय ढंग से युवक हुआ लापता पत्नी ने पुलिस को दिया शिकायत पत्र

बांगरमऊ, उन्नाव। एक महिला ने अपने पति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हाफिजाबाद गांव की रहने वालीअलकमा के मुताबिक, उसके पति नासिर को कस्बा मोहला कैसेटा के गमला दुकानदार गुड्डू ने 30,000 रुपए मासिक वेतन पर काम पर रखा था। पिछले 6 महीनों में दुकानदार ने सिर्फ 19,000 रुपए ही भेजे हैं। पहले नासिर नियमित रूप से फोन पर बात कर लेते थे।परंतु पिछले 15 दिनों से उनका फोन नहीं लग रहा है। पत्नी को अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता है। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शिकायत मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# एसपी की अध्यक्षता में पुलिस की पाठशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपक भूकर, पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत जे.एन.शाह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सिविल लाइन में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया।इस पाठशाला में छात्रों को साइबर जागरूकता, नारी सशक्तिकरण और यातायात जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती है और छात्रों को इसके प्रति जागरूक रहना आवश्यक है।सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर ने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाएं समाज की आधार हैं और उनका सशक्तिकरण ही समाज को आगे बढ़ा सकता हैबृजेश कुमार शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना ने साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर,अवनीश कुमार सिंह कैरियर प्लानिंग के विषय मे ब्रीफ किया। सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात ने यातायात नियमों के पालन के महत्व को समझाया। महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी संतोष कुमारी सिंह ने महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव, प्रभारी परिवार परामर्श समिति और शिक्षिका अपर्णा मिश्रा द्वारा किया गया।प्रधानाचार्या रिंकू गुप्ता और मैनेजमेंट से मनन गुप्ता व गोविंद कुमार गुप्ता ने पुलिस टीम को सम्मानित किया।इस पुलिस पाठशाला से छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी मिली और वे अपने जीवन में इसका पालन करने के लिए प्रेरित हुए।

# क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते मे कराई गई वापस




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 49956/- रु0 की संपूर्ण धनराशि थाना कोतवाली सदर पुलिस ने पीड़ित के खाते मे वापस कराई बताते चले कि फैज हाशमी निवासी आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा साइबर पोर्टल पर आनलाइन प्रार्थना पत्र बीती 27.05.2025 को क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 49956/- रू0 का फ्रॉड होने विषयक दिया गया था । जिस पर थाना कोतवाली सदर पुलिस की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्राड की गयी 49956 /- रू0 की संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में वापस करायी

# एसडीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर की गई बैठक

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।सड़क सुरक्षा को लेकर तहसील बीघापुर क्षेत्र के शासकीय , अशासकीय एवं वित्त विहिन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की बैठक तहसील सभागार मे उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई सोमवार को तहसील बीघापुर के राव राम बख्श सिंह सभागार मे सड़क सुरक्षा ,परिवहन ,यातायात को लेकर क्षेत्र के शासकीय , अशासकीय एवं वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों की बैठक उपजिलाधिकारी रनवीर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्कूलों मे वाहनों से बच्चे आते है ।वाहनों की फिटनेस, ड्राइवरों के लाइसेंस, मेडिकल फिटनेस सही होने चाहिए ।? जांच के दौरान किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर शख्त कार्यवाही की जाएगी ।विद्यालय मे प्रार्थना सभा के समय छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी समय समर पर अवश्य देते रहे ।जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय सड़क सुरक्षा यातायात कमेटी का गठन अवश्य करे ।कमेटी को सुझाव देने के लिए नायब तहसीलदार समय समय पर आपके विद्यालय पहुंचते रहेंगे ।बैठक में नागेन्द्र सिंह ,राजेन्द्र दीक्षित , प्रदीप सिंह , शैलेष प्रताप सिंह , अतुल बाजपेई ,राज बहादुर सिंह , ओम प्रकाश ,त्रिलोक चन्द गुप्ता ,हूतेश मिश्रा दिवाकर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# पत्नी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। युवक पत्नी व ससुराली जनों की धमकी से तंग आकर गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ में फंदे से लटक कर किया आत्महत्य युवक के पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हो गयो

थाना बिहार चौकी भगवंत नगर के अंतर्गत ग्राम पनई बुजुर्ग निवासी अनिल सिंह पुत्र धर्म वीर सिंह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मैने अपने पुत्र वैभव सिंह चौहान का विवाह 02/03/2024 को नीलम उर्फ दीपा सिंह पुत्री सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम ओसियां थाना बीघापुर जिला उन्नाव के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह किया उसके बाद पुत्र बधू दीपा उर्फ नीलम व पुत्र वधू के पिता व अन्य परिजन प्रार्थी के पुत्र वैभव सिंह तथा समस्त घर वालों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी देने लगे व आत्महत्या करने के लिए बोलती थी वही मेरे पुत्र को नीलम के द्वारा कई बार मानसिक प्रताड़ित करने के लिए स्वयं फांसी लगाने के लिए कहा जिसका जिक्र मेरे बेटे ने सुसाइड नोट में लिखा है नीलम के द्वारा वैभव को धमकाने प्रताड़ित करने पर वैभव ने उसकी साड़ी से खुद को फांसी के फंदे लगाकर आत्महत्या दिनांक 13/07/2025 को कर लिया आत्महत्या के बाद वैभव का पोस्टमार्टम हुआ सुसाइड नोट व मोबाइल के आधार पर दीपा के भाई पिता आदि के खिलाफ तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया

# सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।श्रावण माह के द्वितीय सोमवार को नगर के पश्चिम बिल्हौर बाईपास पर स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर सहित नगर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।बम-बम भोले के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने भव्य पंचमुखी शिवलिंग का गंगा जल, पुष्प और बेलपत्र से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया। मुख्य पुजारी ने सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

नगर के पश्चिम स्थिति बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के द्वितीय सोमवार को आज प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर के पुजारी बाबा चैतन्य स्वरूप ब्रह्मचारी द्वारा महिलाओं और पुरुषों के दर्शन हेतु अलग-अलग दीघाएं स्थापित की गईं।मंदिर के बाहर प्रांगण में विशाल मेला भी लगा। मेले में महिलाओं ने जहां सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की खरीदारी की , वहीं बच्चों ने आइसक्रीम और मिष्ठान तथा फास्ट-फूड का जमकर आनंद लिया।

इसी तरह नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, सण्डीला रोड रेलवे क्रासिंग के आगे स्थापित बाबा भैरवानन्द, उन्नाव हरदोई मार्ग ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, भटपुरी मोहल्ला स्थिति पंचेश्वर महादेव मंदिर, तकिया मोहल्ला स्थिति रामेश्वर मंदिर, टेढ़ा शिवाला स्थिति सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तथा बाईपास के किनारे स्थित सिद्धनाथ महादेव मंदिर में भी सुबह से दर्शनार्थ शिवभक्तों की भारी भीड़ रही। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु भारी पुलिस बल के अलावा राजस्व कर्मियों को भी तैनात किया गया।

# कार को बचाने के चक्कर में ट्रक पलटा ,बाल-बाल बचे चालक व परिचालक



अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। नागपुर से चावल लाद कर बाराबंकी छोड़ने जा रहा ट्रक पुरवा , सोहरामऊ मार्ग पर लाला खेड़ा नहरिया के पास अंधे मोड़ पर सोहरामऊ की तरफ से आरही तेज गति से कार को बचाने के चक्कर मे मार्ग के किनारे दस फिट गहरे खड्डे में चला गया । गिरे ट्रक को देख ग्रामीणों ने किसी तरह चालक सुधीर कुमार तथा क्लीनर रमेश दोनो को को बाहर सुरक्षित निकाला । जिनको मामूली चोटे आई वही मौके का फायदा उठा कार चालक घटना स्थल से निकल गया।

# एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई एंटी भूमाफिया तहसील स्तर की बैठक

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। एंटी भूमाफिया तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पन्न हुई। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विभागों की जानकारियां साझा की।

सोमवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने एंटी भूमाफिया तहसील स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान वन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी भूमि पर कोई कब्जा नहीं है।पीडब्ल्यूडी द्वारा बताया गया कि सर्वे करने के बाद ही तथ्य सामने आ पाएंगें।सिंचाई विभाग द्वारा रजबहा हिलौली, मौरावां, अकोहरी, संडौली, सिकरी, बछौरा आदि ग्रामों के नाम की सूची दी गई।सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक व्यक्ति का नाम जिसने अवैध कब्जा किया हो, कब्जे का प्रकार, क्षेत्रफल पूरी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर अगली मीटिंग में प्रस्तुत करें।ईओ मौरावां द्वारा एक तालाब के चिन्हांकन का राजस्व निरीक्षक मौरावां से अनुरोध किया। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, अरविंद सिंह चौहान एडीओ असोहा, प्रमोद कुमार पीडब्लयूडी, वन विभाग से अतर सिंह, सिंचाई विभाग से विवेकानंद, ईओ पुरवा संदीप कुमार, ईओ मौरावां संतोष चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रमेशचंद्र, लिपिक पंकज कुमार व मधुकर द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं समेत दस लोगों पर पुलिस ने शांति भंग में की कार्यवाही




अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गावों से शांति भंग के आधा दर्जन महिला आरोपियों समेत कुल 10 लोगों पर कोतवाली ने विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने विभिन्न वाद-विवाद/प्रार्थना पत्रों के जांचोपरांत शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में घूरखेत निवासी मनीष कुमार पुत्र सुनील, बिछिया निवासी रोहन पुत्र स्व० राकेश, तारागढ़ी निवासी रिंकू पुत्र राजू, मझखोरिया निवासी बब्लू पुत्र पप्पू तथा बैंगाव निवासी आधा दर्जन महिलाओं को आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए अधिक से अधिक धनराशि से पाबंद करने की गुजारिश की है।

# गंगाजल लेकर निकला कांवरियों का जत्था, 100 से अधिक श्रद्धालु ने सुनासीर नाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। रविवार शाम 6 बजे सौ से अधिक कांवरियों का जत्था गंगाघाट के लिए प्रस्थान किया। भाजपा नेता और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लालेश अस्थाना ने कांवरियों को अंगवस्त्र पहनाकर विदा किया। कांवरिए भोर में गंगाजल भरकर सुनासीर नाथ बाबा के मंदिर में जलाभिषेक किया इस मंदिर में हरदोई और उन्नाव जिले के कांवरिए एकत्र होते हैं। हर साल लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि इस दरबार में की गई मन्नत पूरी होती है।प्रधान प्रतिनिधि लालेश अस्थाना ने सभी कांवरियों को भोले बाबा की बूटी का प्रसाद भी वितरित किया। भक्तिगीतों की धुन पर झूमते हुए कांवरिए गाजे-बाजे के साथ गांव की गलियों से होकर निकले।कार्यक्रम में अभिषेक अस्थाना, शान्शिकांत तिवारी, कमलेश अवस्थी, विनोद तिवारी, नरेश अवस्थी, अनीश कुरील, खुमान प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पैतृक आवास पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव।सीतापुर जिले के जिला प्रभारी नीरज सिंह के भाई रविंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह का दस जुलाई को हार्ट अटैक से निधन हो गया था जिसको लेकर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पैतृक आवास पर सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा,लखनऊ मेंयर सुषमा खर्कवाल ,क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता,भाजपा नेता विमल द्विवेदी,जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ,राकेश रावत, शुभम तिवारी , आशीष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे, वापस जाते समय प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पुछड़ा चौराहे पर स्थित शिव मंदिर में आयोजित भाजपा नेता कपिल निगम के द्वारा रुद्राभिषेक में शामिल होकर पूजा अर्चना कर वापस लौट गए

## नवविवाहिता ने ससुराली जनों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव बनपुरा मजरा अफसरी में विवाहिता ने दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालीजनों पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है । निशा देवी पुत्री सुरेंद्र कुमार ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसका विवाह बनपुरा निवासी अंकित कुमार के साथ मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह में हुआ था ।कुछ समय बाद पति ,जेठ सुशील ,जेठानी रेनू देवी ,ननद मनीषा ,सास सोमवती उससे दहेज की मांग करने लगे ।जिसके बाद निशा के पिता ने खेत बेंचकर उसे जेवर व रुपये दिए थे ।15 जुलाई को खाना बनाने के दौरान उसके साथ मारपीट की ।एसओ राजपाल ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# महादेव मंदिर प्रांगड़ में रुद्राभिषेक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत आज श्रवण मास के दूसरे सोमवार को पट्टी उस्मान मे स्थिति प्रसिद्ध प्राचीन महादेव मंदिर मे रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया ।क्षेत्र के अंतर्गत स्थिति प्रसिद्ध प्राचीन श्री बृंदाबनेश्रवर धाम मे आज श्रवण मास के दूसरे दिन आचार्य रामू तिवारी ने विधिवत पूजन कराया जिसका हुसैन नगर पट्टी परसुराम निवासी संदीप ने आयोजन किया । बृंदाबनेश्वर धाम का निमार्ण अठ्ठारह सौ साठ मे गुरू प्रसाद ने करया था जो क्षेत्र मे विशाल मंदिर तथा भव्य और दिव्य है आज जिसकी देख रेख पूजा अर्चना आस पास के गांवो के लोग श्रद्धा विस्वास से करते चले आ रहे है ।बताया जाता है कि निर्माण करता ने एक रामेश दर्पड नाटक की किताब लिखी थीं जो आज भी लक्ष्मी शंकर पांडेय जो हुसैन नगर पट्टी परसुराम के निवासी जिनके पास है और आज भी रामलीला उसी के आधार पर कराई जाती है ।सौरभ कुशवाहा व प्रधान अनुज कुशवाहा ने बताया की मेरा अनुभव जो है कि लड़कियां यदि ग्यारह सोमवार का व्रत पूजा करती है तो उन्हें मन बांछित फल प्राप्त होता हैं अनुज कुशवाहा प्रधान ने बताया की मंदिर जिर्णोद्धार मे जो होता है मै करता हूं।मेरा बहुत लगाव है इस मौके पर सोनू शुक्ला आदि तमाम ग्राम निवासी मौजूद रहे ।



# कलयुगी पुत्र ने हैवानियत की सारी हदें पार कर वृद्ध मां को बेरहमी से पीटा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। थाना पनवाड़ी अंतर्गत ग्राम बैदों से रिश्तों को शर्मसार करते हुए दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक कलयुगी पुत्र ने अपनी ही वृद्ध मां को बुरी तरह पीट कर लहूलुहान कर दिया। 60 वर्षीय पीड़िता शहीदन पत्नी आजाद, निवासी ग्राम बैदों ने जैसे-तैसे डायल 112 पर कॉल कर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम फौरन मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। टीम के साथ मौजूद कांस्टेबल ने बताया कि उन्हें गांव से एक वृद्धा की पिटाई की सूचना मिली थी, जिस पर वे तुरंत हरकत में आए। उपचार के बाद वृद्ध महिला को पनवाड़ी थाने भेजा गया, जहां उन्होंने आरोपी पुत्र के खिलाफ लिखित तहरीर सौंपी। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

यह घटना समाज के उस कड़वे सत्य को उजागर करती है, जहां अपने ही मां-बाप की सेवा और सम्मान करने की जिम्मेदारी निभाने की बजाय संतान ही उनके लिए संकट बन रही है। ग्रामवासियों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है, जबकि वृद्धा की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि मां-बेटे जैसे पवित्र रिश्ते पर कलंक है जो सोचने को मजबूर करता है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं।

## सम्पादकीय

# टीआरएफ के आतंकी संगठन घोषित होने से पाक बेनकाब

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी में अमेरिकी नीतियों में अस्थिरता और पाकिस्तान के प्रति झुकाव के बावजूद अमेरिका का पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना न केवल भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों के हाथ की पुष्टि भी है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) है। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, हालांकि बाद में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट के कहने पर टीआरएफ अपने दावे से पीछे हट गया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश नीति व कूटनीतिक परिपाटी का उल्लंघन करते हुए ट्रंप ने भारत व पाक के बीच युद्ध विराम पर सहमति का पहले ऐलान कर नई दिल्ली को असहज कर दिया था। इस दौरान ऐसी स्थिति बनी कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा। पाक के सेना प्रमुख ने पीओके में भारत व हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया, उसके कुछेक दिनों बाद ही पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें धर्म पूछ कर निहत्थे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों का स्पष्ट हाथ था, जिसके खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पाक सरकार के प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकाने और आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादी गुटों के अड्डों पर टार्गेटेड हमले किए। लेकिन पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। यह सब जानते हुए भी ट्रंप ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को ह्वाइट हाउस में दावत पर बुलाया और स्पेशल ट्रीटमेंट दी। हालांकि अमेरिका की यह कूटनीतिक कवायद पाकिस्तान को साधने की थी कि जब वो ईरान पर हमला करे, तो पाकिस्तान ईरान का साथ न दे। लेकिन इसकी टाइमिंग ने ट्रंप को आतंकवाद के पालक-पोसक और पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान के साथ खड़ा कर दिया। अब अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद रोधी अमेरिकी प्रतिबद्धता की सराहना की है, लेकिन अमेरिका की अस्थिर नीतियों के चलते अभी भारत को पैनी नजर वाशिंगटन पर रखनी चाहिए कि उसकी प्राथमिकताओं में आतंकवाद को खाद-पानी देने वाला पाकिस्तान कहां है। कहीं टैरिफ वार्ता से पहले अमेरिका का फैसला भारत को संतुष्ट करने के लिए तो नहीं है? भारत ने कई वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय वार्ता में पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किए जाने की वकालत की है। अब देखना है कि अगर अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इतना ही प्रतिबद्ध है तो क्या वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करेगा? इस दिशा में वह कोई कदम उठाता है या नहीं। पहलगाम हमला 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# छांगुर का इस्लामीकरण जाल

छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों -महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है।

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है, वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं। इसमें हिंदुओं को फंसाने, बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है। उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों - महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश-विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों, किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है।

प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बीघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसा कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मानना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी हैं। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी, जहां हिंदू युवतियों-महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए



भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है? हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव- दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर, विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई, तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना ली। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर के सहयोगी ने भागकर पुलिस में शिकायत की, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जिहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता।

प्रायः संगठनों, राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं। अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, एक्टिविस्टों, मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर सामान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों-महिलाओं की इज्जत, गरिमा, उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

उपलब्धि
हर्षवर्धन पान्डे




# मप्र के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लाग किया।

## प्रयास करके मानव खोल सकता है सफलता के द्वार



संकलित
दर्शन

मानव के विषय में धर्म शास्त्रों के स्वर बहुत उच्च कोटि के हैं। मानव को विश्व का श्रेष्ठ तम प्राणी तो स्वीकार किया ही है, मानव को अपार क्षमता का भंडार बताया गया है। यह सत्य है क्यों कि हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति निश्चित ही अद्भुत क्षमता, प्रतिभा लिए होते हैं। इसका अर्थ है सभी मानवों में वे योग्यताएं रही हुई है। अन्तर केवल इस बात का है कि कुछ व्यक्ति प्रयास करके अपनी क्षमताओं का जागरण कर लेते हैं कुछ यह नहीं कर पाते। जो यह प्रयास नहीं कर पाते, वे समझने लगते हैं कि उसको परमात्मा की देन है हम उससे वंचित है किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परमात्मा किसी को कुछ देता नहीं है और यदि वह देगा तो सभी को बराबर देगा। भेद भाव क्यों करेगा। उच्च पुरुष भी भेद भाव नहीं करते तो परमात्मा भेद भाव कैसे करेगा ? वास्तव में परमात्मा कुछ देता नहीं है किसी को। जिसको सफलताएं मिलती है उसे उसके प्रयास से मिलती है और जो जीवन में कुछ भी नहीं कर पाता है तो यह उसकी ही अकर्मण्यता है। परमात्मा को दोष नहीं देना चाहिए। कालीदास बचपन में निरक्षर थे किन्तु प्रयास कर के महान विद्वान बन गए। सफलता प्राप्त व्यक्तियों का सर्वदा एक ही मार्ग रहा है प्रयास। प्रयत्न करते हुए व्यक्ति को कोई परास्त नहीं कर सकता। मानव की चेतना का मौलिक स्वरुप परमात्मा मय है अतः आत्म विश्वास पूर्वक सही दिशा में प्रयत्न करें तो वह अपने जीवन की सफलता के सारे द्वार खोल सकता है। उसका प्रयत्न ही वह चाबी है जिसका उसे प्रयोग करना है। **-कांतिलाल मांडोत**, सूरत


## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों की शपथ में हो समीचीन बदलाव

भारतीय संविधान में व्यवस्था है कि हर मंत्री, विधायक, सांसद और राष्ट्रपति तक, सभी जन-प्रतिनिधि शपथ उठाते हैं कि वे पद की गरिमा एवं गोपनीयता का निर्वहन करेंगे और संविधान तथा देश की जनता के प्रति उत्तरदायी रहेंगे। जवाबदेह रहना भी चाहिए। यह एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। सब बेहतरी के लिए ही है। इस शपथ में और कुछ शब्द जोड़े जा सकते हैं, कि बड़बोलेपन, भाई-भतीजावाद, घोटालों और क्षेत्रवाद से दूर रहूंगा और पक्षपात से हमेशा तौबा करूंगा। यह भी शपथ में शामिल हो कि, यदि जनाकांक्षाओं पर खरा न उतरूं, तो पद त्याग दूंगा, क्योंकि निर्वाचन के बाद नेताओं का व्यवहार बदल जाता है। **- सचिन देशपांडे**, दुर्ग

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में चेम्मानी सामूहिक कब्रगाह से बच्ची के अवशेष मिले

श्रीलंका के जाफना जिले में एक सामूहिक कब्रगाह से निकाले गए मानव अवशेषों में चार-पांच साल की एक लड़की के कंकाल की पहचान की गई है। 1990 के दशक के मध्य में लिट्टे संघर्ष के दौरान पहली बार यह कब्र चर्चा में आई थी। वकील जगनाथन तथपरन ने कहा, "फोरेंसिक पुरातत्वविद् राज सोमदेव ने चेम्मानी में स्थित सामूहिक कब्र की खुदाई के निष्कर्षों की रिपोर्ट 15 जुलाई को जाफना मजिस्ट्रेट की अदालत को दी थी।" राज सोमदेव इस खुदाई की देखरेख कर रहे थे।इस वर्ष के आरंभ में, न्यायालय ने सामूहिक कब्र स्थल पर नियमित विकास कार्य के दौरान मानव कंकाल के अवशेष मिलने के बाद कानूनी निगरानी में खुदाई का आदेश दिया था।



## ऑफ बीट

### 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा

2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये।



## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर कार्रवाई

अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और कछार व श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है। हम अवैध घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### 125 यूनिट बिजली मुफ्त

हम शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।
**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**



### इस्लाम-कुरान पर चुप्पी

कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है लेकिन जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है तो वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**



### मनुवादी व्यवस्था

हरियाणा के सिरसा में दलित युवक की हत्या और उसके परिवार के साथ बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है - यह भाजपा-आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



## संक्षेप

### कूंडधाम से निकली कांवड़ यात्रा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, तहसील बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिसांवा में कूंडधाम अलीगंज से एक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व पिंटू मिश्र ने किया। इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रमुख यात्रियों में राजेश जायसवाल, अनिल मौर्य, राजू मिश्र, रोहित दूबे, हरिकेश चौहान और मोनू पांडेय शामिल रहे। इसके अलावा अंकित, प्रदीप जायसवाल, शेरू गुप्ता, प्रदीप कसौंधन और रमेश कसौंधन भी यात्रा का हिस्सा बने। लंगड़ी बाजार स्थित नव दुर्गा जलपान गृह में कांवड़ यात्रियों का विशेष स्वागत किया गया। श्री पवन कुमार उपाध्याय (नादान सुल्तानपुरी) ने यात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद बम भोले के जयकारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी।

### पंच मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण की कथा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, भवानीपुर स्थित पंच मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के दसवें दिन शिव महापुराण की कथा का आयोजन हुआ। कथा व्यास संकठा प्रसाद भक्ति देव जी ने संध्या प्रकरण का वर्णन किया। ब्रह्मा जी ने अपने मानस पुत्र दक्ष को देवी परमेश्वरी का तप करने का आदेश दिया। यह आदेश शिव को नारी से संयुक्त करने के लिए था। दक्ष ने कठोर तप कर देवी को प्रसन्न किया। देवी ने प्रकट होकर दक्ष के यहां संतान रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। इस तरह दक्ष की पत्नी के गर्भ से देवी सती का जन्म हुआ। सती को बचपन से ही भगवान शिव के प्रति अगाध प्रेम और श्रद्धा थी। सती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तप किया। शिव जी ने प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। कैलाश में शिव जी ने सती को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया।

### ब्राह्मण एकता परिषद की पहल

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, जयसिंहपुर ब्लॉक में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रविवार को वासूपुर प्राइमरी विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कॉपी, ड्राइंग सेट, चॉकलेट और केले वितरित किए गए। श्लोक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें तीन प्रतिभागी बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अतिथियों और परिषद पदाधिकारियों ने पौधे लगाए। साथ ही सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में हर्ष नारायण मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभाध्यक्ष राजेश ओझा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अनिल पांडेय, पूर्व प्रधान करुणा शंकर तिवारी, कपिल देव दूबे, आशीष पांडेय और दीपक तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# श्रावण के दूसरे सोमवती पर बूढ़ेश्वरनाथ शिवालय पहुंचे लाखों कांवरिया श्रद्धालु

## थानाध्यक्ष खैरीघाट में खुद संभाला मोर्चा, सुरक्षा के किए गए थे व्यापक इंतजाम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा महादेवा में मनोकामना सिद्ध प्राचीनतम शिव का मंदिर स्थित है। वैसे भी इस मंदिर परिसर में भक्तों का हमेशा तांता लगा रहता है। वहीं आज श्रावण माह के दूसरे सोमवार पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लाखों की तादाद में कांवरिया श्रद्धालुओं द्वारा बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का किया गया जलाभिषेक व पूजन अर्चन। श्रद्धालुओं का आस्था भाव इतना प्रबल रहा कि 65 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर लाखों कांवरिया श्रद्धालु चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज से जल लाकर शिव को किया समर्पित। 65 किलो मीटर का यह संपूर्ण रास्ता शनिवार से ही भगवामय दिखाई पड़ा। अपने सीमा क्षेत्र अंतर्गत वहाँ की स्थानीय पुलिस कांवरियों की सुरक्षा में तत्पर रही। हजारों श्रद्धालु जालिम नगर घाघरा पुल से तो हजारों की संख्या में सरयू नदी से जल भरकर इस शिव मंदिर पहुंचे कांवरिया श्रद्धालु। हजारों भक्तों ने सरयू नदी गढ़ीघाट से 5 किलोमीटर की दूरी लेट कर तय करते हुए पहुंचे शिव मंदिर। लाखों कांवरियों के अनुमानित भीड़ के दृष्टिगत शासन की मंशा के अनुरूप जनपदीय प्रशासन के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती इस शिव मंदिर में की गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर पहुंचने वाले सभी रास्तों पर स्थानीय थाना खैरीघाट की पुलिस द्वारा बैरीकेटिंग कर सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए गए थे। वहीं श्रद्धालुओं की आस्था इतनी प्रबल थी कि मंदिर में लगाई गई बेरीकेटिंग भीड़ के भार को न संभाल सकी। कांवरिया श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत थानाध्यक्ष खैरीघाट सूरज कुमार ने दल बल सहित भीड़ को नियंत्रित करने मे कडा परिश्रम करते दिखाई पड़े। श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराने में स्थानीय पत्रकारों तथा बजरंग दल यूनिट संपूर्ण रात कठोर परिश्रम करती रही। बूढ़ेश्वरनाथ आए हुए सभी श्रद्धालु भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसन्नता पूर्वक वापस हुए।

# विद्यालय को दूसरे विद्यालय में समायोजित करने पर ग्रामीणों ने सीएम को लिखा पत्र

## छोटे बच्चे कैसे पार कर पाएंगे भयावह नाला व 3 किलोमीटर की दूरी

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डल्लापुरवा के मजरा तेलियनपुरवा में विगत वर्ष ही प्राथमिक विद्यालय का निर्माण हुआ है। शासन की नीति के अनुसार कम बच्चों वाले विद्यालय को दूसरे विद्यालयों में समायोजित करने की चर्चा गरम है। इसी बात से परेशान होकर यहां के ग्रामीणों कन्हैयालाल, किशन गौतम, मूलचंद, दिलीप, शारदा प्रसाद शुक्ला, शिवकुमार, परशुराम, सावित्री, सुंदरलाल सहित दर्जनों लोगों ने विद्यालय समायोजन से नाराजगी जताते हुए प्रदेश के मुखिया को पत्र भेजकर इस विद्यालय को समायोजन न करने की मांग किया है। ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया है कि जिस विद्यालय में छात्रों का समायोजन होना है वह हमारे यहां से 3 किलोमीटर दूर है। बीच में भयावह नाला है। वैसे भी यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है तो बरसात में कैसे जा पाएंगे इतनी दूर छोटे बच्चे। अतएव बाढ प्रभावित क्षेत्र के इस विद्यालय को 3 किलोमीटर दूर के विद्यालय में समायोजित ना किया जाए जिससे कि यहां के नन्हे मुन्ने बच्चों को भी उचित शिक्षा मिल सके।

# युवा मार्गदर्शन संस्थान में निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के उर्रा ग्रामपंचायत में सक्रिय रूप से कार्य कर रही संस्था युवा मार्गदर्शन संस्थान उर्रा बाजार में निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला की तीसरी बैच का शुभारंभ 21 जून सोमवार को हुआ। इस बैच में 30 छात्राओ महिलाओं को शामिल किया गया है जो ब्यूटी पार्लर के विभिन्न कौशल सीखेंगी और आत्मनिर्भर बनेंगी । संस्थान की अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना है। संस्थान द्वारा निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महिलाओं को उनके कौशल को विकसित करने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में महिलाओं को ब्यूटी पार्लर के विभिन्न कौशल सिखाए जाएंगे, जैसे कि मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, और स्किन केयर। संस्थान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना है। इसके अतिरिक्त संस्थान ने अपने सेंटर पर छात्राओं एवं




महिलाओं को डिजिटल साक्षर के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था इसी माह से प्रारंभ कर दी है जिसमें प्रत्येक बैच में 10-10 छात्राओं को प्रत्येक माह कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान दिया जाएगा जिससे वह सभी महिलाएं एवं छात्राएं डिजिटल साक्षर की और भी बढ़ सके और अपने आप को मजबूत बना सके।

# नेपाल में भारतीय गाड़ियों और नागरिकों के साथ अभद्रता

## दोनों देशों के संबंधों पर पड़ सकता है असर

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर

रूपईडीहा, बहराइच।भारत-नेपाल के पुराने रोटी-बेटी के रिश्तों और गहरे सांस्कृतिक संबंधों के बावजूद इन दिनों नेपाल में भारतीय नंबर प्लेट की गाड़ियों और भारतीय नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जहां एक ओर नेपाल सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर बड़ी-बड़ी योजनाओं और घोषणाओं के माध्यम से भारत से अधिकाधिक पर्यटक लाने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार हाल ही में नेपालगंज में एक भारतीय नागरिक के साथ दुर्व्यवहार का ताजा मामला सामने आया है। पीड़ित भारतीय व्यक्ति, जिसने अपना नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया, किसी निजी कार्य से अपनी निजी भारतीय नंबर प्लेट की कार जिसका नंबर UP 32 JH 0668 से नेपालगंज गया था। रास्ते में हल्की दुर्घटना में नेपाली नंबर की गाड़ी से उसकी मामूली टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति को हल्की चोट आई। दोनों पक्षों में आपसी सहमति से मामले का निपटारा हो गया और घायल व्यक्ति का उपचार भी भारतीय नागरिक द्वारा करवा दिया गया। लेकिन कुछ ही देर बाद वहां अचानक भीड़ इकट्ठा हो गई और अज्ञात लोगों ने भारतीय नागरिक की कार को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसके साथ मारपीट भी की। हैरानी की बात यह है कि इतनी जल्दी वहां कौन लोग और कहां से आए, इसका किसी को पता नहीं चला। इस घटना की पुष्टि करने के लिए नेपाल भारत सीमा संवाद समूह के जिला बांके के अध्यक्ष विनय चंद गुप्ता से जब बात की गई तो उन्होंने इसकी पुष्टि करते हुए इस घटना की निंदा की इन्होंने कहा कि इस कृत्य का



पुरजोर विरोध करना चाहिए। हमारी संस्था भी इस का विरोध करती है तथा हमारी संस्था द्वारा मामले को अपने प्रदेश के गृहमंत्री के सामने भी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त भारतीय व्यक्ति से मेरी बात हुई थी। यह घटना नेपाल में भारतीयों के प्रति बढ़ती नफरत और पूर्वाग्रह का जीता-जागता उदाहरण है। जबकि नेपाल सरकार ने खुद भारत से पर्यटक लाने के लिए नेपालगंज में सात सात कैसीनो के लाइसेंस जारी किए हैं, जहां केवल भारतीयों को प्रवेश की अनुमति है, वहीं दूसरी ओर भारतीय पर्यटकों को पुलिस और प्रशासन के माध्यम से आए दिन परेशान किया जा रहा है। नेपाल पुलिस द्वारा भारतीय रुपयों के साथ नेपालगंज जाने वाले लोगों को रोकना, पूछताछ करना, रुपये जप्त करना और कई बार जेल भेजने जैसी कार्रवाईयों की भी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इस विषय पर हाल ही में लुंबिनी प्रदेश के आंतरिक मामले एवं कानून मंत्री आदेश अग्रवाल ने भी चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि सीमा पर भारतीय गाड़ियों और नागरिकों को अनावश्यक रूप से न रोका जाए तथा पुलिस को भारतीयों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए ताकि नेपाल में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। नेपाल की वर्तमान स्थिति से यह स्पष्ट हो रहा है कि कुछ राजनीतिक तत्व दोनों देशों के रिश्तों में खटास पैदा करने के उद्देश्य से इस तरह की घटनाओं को हवा दे रहे हैं, जिससे भारत और नेपाल के बीच सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों में दरार आ सकती है।यदि यह सिलसिला नहीं रुका तो इसका सीधा असर नेपाल की अर्थव्यवस्था और पर्यटन पर भी पड़ेगा, क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक नेपाल आना बंद कर सकते हैं। सीमा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नेपाल प्रशासन और पुलिस को ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेकर तुरंत रोकथाम करनी चाहिए ताकि भारत और नेपाल के रिश्तों में आ रही यह कड़वाहट दूर हो सके और दोनों देशों के पुराने संबंध फिर से मजबूत हो सके।

# शक्ति वन स्थापना के अंतर्गत चकिया रेंज में आयोजित हुआ पौधरोपण

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच।वन प्रभाग बहराइच के चकिया रेंज में शक्ति वन स्थापना के अंतर्गत बृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।उत्तर प्रदेश सरकार के प्राकृतिक संरक्षण एंव एक पेड मां के नाम 2.0 अभियान के अन्तर्गत मातृशक्ति वन्दना एंव महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित शक्ति वन की स्थापना सोमवार को चकिया रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में चकिया कक्ष सं0-3 में की गयी। शक्ति वन स्थापना कार्यक्रम में पार्वती शिक्षण संस्थान सोहनी बलाईगांव की छात्राओं, सशस्त्र सीमा बल 59वी वाहिनी अचकवा सोहनी बलाईगांव कैम्प की महिला सैनिक दिपाली फासे, वर्षा, सायली, कामले भी कूताई, अंजली यादव, तुलसी, सोनम, वन्दना प्रजापति तथा थारू जन जाति के ग्राम बलाईगांव की महिलाओं द्वारा अमरूद, जामुन, गुटेल, अर्जुन, इमली एंव कंजी के पौधों का रोपण किया गया। उक्त शक्ति वन की स्थापना के अन्तर्गत 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल में उपरोक्त प्रजातियों के 1600 पौधों का रोपण हुआ। उक्त शक्ति वन स्थापना कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार मिश्र, वन दरोगा विनोद तिवारी, शोभराम, बृजेश कुंवर, जितेन्द्र कुमार, अनुराग श्रीवास्व, अभय वर्मा वन रक्षक आदि की उपस्थिति में चकिया रेंज में पौधारोपण किया गया।

# अधिशाषी अधिकारी की देख रेख में हनुमान मंदिर व 927 एन एच की साफ सफाई

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच।भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा मे श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, हनुमंत सरोवर, नेपालगंज रोड मंदिर पर नगर पंचायत की तरफ से चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य के दिशा निर्देशन में ईओ राम बदन यादव के कुशल नेतृत्व में सोमवार को सफाई कर्मियों के द्वारा विशेष रूप से मंदिर की साफ सफाई एवं गेट के सामने चूना डालकर स्वच्छता का परिचय दिया गया। मंदिर के महन्त श्री हनुमान दास रामायणी एवं नरेंद्र मद्धेशिया,(गुड्डू) सभासद राम जानकी नगर वार्ड 10 ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रुपईडीहा को बताया कि रामचंद्र जायसवाल एवं रुपईडीहा नगर वासियों की तरफ से भंडारे का आयोजन किया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि 23, जुलाई दिन बुधवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कावड़ियों जत्था नानपारा तकिया घाट से जल भरकर हांड़ा बसेहरी होते हुए रुपईडीहा हनुमान मंदिर में भंडारा का प्रसाद ग्रहण करके रात्रि का विश्राम मंदिर में करके सुबह 4 बजे पड़ोसी देश नेपाल उप महानगरपालिका, नेपालगंज जिला बांके के माता बागेश्वरी मंदिर के लिए भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए हर हर महादेव बोल बम बोल बम करते हुए प्रस्थान करेगा।




# अंकुर सिंह बने निधि को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ (भा.ज.पा. प्रणेता) के प्रदेश अध्यक्ष व सब लोगो के प्रिय अंकुर सिंह को श्री निधि को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड, उत्तर प्रदेश की प्रबंध समिति द्वारा कार्यकारी निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। यह निर्णय समिति की दिनांक 4 मई 2025 को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। अंकुर सिंह का यह दायित्व न केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी है, बल्कि समाज, किसान, श्रमिक और आम जनमानस की आर्थिक उन्नति हेतु एक बड़ा संकल्प भी है। उनकी नियुक्ति से यह अपेक्षा की जा रही है कि वे हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सरल ऋण व्यवस्था और व्यापारिक सहयोग को सुलभ बनाएंगे, जिससे स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी को समाज सेवा और संगठनात्मक मूल्यों के साथ पूरी निष्ठा से निभाएंगे और प्रयासरत रहेंगे कि हर व्यक्ति तक आर्थिक संसाधन और विकास के अवसर पहुँच सकें। श्री सिंह के इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में हंगामा

## महिलाओं को पीछे बैठाने के मुद्दे पर सपा-भाजपा पार्षदों में टकराव, पहले बोलने को लेकर विवाद

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, नगर निगम की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ। महिलाओं को पहले बोलने की बात को लेकर समाजवादी पार्टी और भाजपा के पार्षद आपस में भिड़ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। पार्षदों ने सदन के अंदर जमकर पर्चे उड़ाए और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। पार्षदों के हंगामे को देखते हुए सदन भी बीच में रोकना पड़ा। इस दौरान मेयर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा पार्षदों को समझाते हुए नजर आ रहे थे। पार्षदों ने उनकी भी एक न सुनी और हंगामा करते रहे। लगभग आधे घंटे तक हंगामा चलने के बाद काफी मुश्किल से सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया। नगर निगम की बोर्ड बैठक हैबिटेट सेंटर में हुई। मेयर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। जिसमें पहले बोलने को लेकर विवाद शुरू हुआ। इसके बाद पार्षदों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। सपा के पार्षदों का कहना था कि जब उन्होंने बोलने की कोशिश की तो भाजपा के पार्षदों ने उनके साथ अभद्रता की। गाली-गलौज करने के साथ ही जूते मारने की धमकी दी, जिसके कारण विवाद शुरू हुआ। अधिकारी काफी देर तक दोनों पक्षों को समझाते रहे, लेकिन दोनों पक्ष मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। सदन की बैठक के दौरान महिला पार्षद पीछे बैठी थीं। पुरुष पार्षद आगे बैठ गए थे। इस बात को लेकर भी विरोध शुरू हो गया और जमकर हंगामा किया गया। पार्षदों का कहना था कि भाजपा के मेयर के सामने ही महिलाओं का अपमान हो रहा है। महिलाओं को जानबूझकर पीछे बैठाया गया है। इसके अलावा उन्हें बोलने का भी मौका नहीं दिया जा रहा है। सपा और भाजपा के पार्षदों के बीच काफी देर तक टकराव की स्थिति बनी रही। सभी उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे। लगभग दो घंटे तक चले हंगामे के बाद काफी मुश्किल से मामला शांत कराया जा सका।

# कैंसर पीड़िता मां-किडनी मरीज बेटे को अस्पताल से जबरन निकाला

## सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में सुरक्षाकर्मी पर अभद्रता का आरोप, बीच सड़क बैठकर हंगामा

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में कैंसर पीड़िता मां और किडनी मरीज नाबालिग बेटे से अभद्रता का मामला सामने आया है। बीमार मां का आरोप है कि पिछले 4 दिनों से मेडिकल कॉलेज की नर्सें और सुरक्षा कर्मी उनसे पैसे की मांग कर रहे हैं। पैसे न देने पर परेशान करते हैं। धमकाते हैं और मारपीट भी करते हैं। महिला ने बताया- बेटे को खाना खिलाने के बाद वह बेसिन के पास प्लेट धुल रही थी, तभी एक डॉक्टर और सुरक्षा कर्मी आए। सुरक्षाकर्मी ने चेहरे पर मुक्का मारा और कहा- तुम्हारे बाप का अस्पताल नहीं है। जाओ यहां से। इसके बाद महिला अस्पताल के सामने ही बीच रोड पर बेटे को लेकर बैठ गई। बेटे के हाथ पर वीगो भी लगा हुआ था। ट्रैफिक बाधित होने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल के सुरक्षा कर्मी भी बाहर आए, जहां पुलिस के सामने ही महिला ने आरोपी सुरक्षाकर्मी पर जमकर थप्पड़ बरसाए। महिला के कागजातों की जांच के बाद पुलिस ने उसे और उसके बीमार बेटे को फिर से अस्पताल में भर्ती कराया।

# कम्पोजिट विद्यालय में सम्मान समारोह

## ब्लॉक प्रमुख ने किया बच्चों को सम्मानित, शौचालय और वाटर कूलर की घोषणा

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, तिलोई-अमेठी के कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा मोहनगंज के शाखा प्रबंधक अमित कुमार मिश्रा ने बच्चों को उपहार वितरण किया। समारोह के मुख्य अतिथि तिलोई के ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना सिंह' रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भेलाई कला के प्रधान मोहम्मद अशरफ ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। प्रधानाध्यापक धीरेंद्र प्रताप सिंह और शिक्षिकाओं ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने बच्चों को टिफिन बॉक्स और पेन बॉक्स देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय की प्राकृतिक सुंदरता और बच्चों के अनुशासन की सराहना की। प्रधानाध्यापक की मांग पर उन्होंने विद्यालय में नया शौचालय और आरओ सहित वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख और बैंक प्रबंधक ने वृक्षारोपण भी किया। बैंक प्रबंधक अमित मिश्र ने बच्चों से पहाड़े सुने और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय को इन्वर्टर से चलने वाले सीलिंग फैन देने का वादा किया। कार्यक्रम में फील्ड ऑफिसर नितिन तिवारी, समाजसेवी मोहम्मद इब्राहिम, विद्यालय की शिक्षिकाएं और सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अमिता जायसवाल ने किया।

## संक्षेप

### मजदूर की करंट लगने से मौत

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में एक मजदूर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरज 23 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार सूरज को बहरामपुर में मकान निर्माण के काम के लिए लेकर गया था। सूरज और उसके दो साथी लेंटर डालने वाली मशीन के साथ काम कर रहे थे। तभी पास से गुजर रही बिजली की लाइन से लेंटर डालने वाली मशीन छू गई। सूरज और उसके दो साथी करंट की चपेट में आ गए। सूरज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो युवकों का इलाज चल रहा है। परिजनों को घटना की सूचना दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पुलिस को इस हादसे की सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। परिजनों के मुताबिक सूरज घर की पूरी जिम्मेदारी उठता था। सूरज का एक छोटा भाई है, जिसकी उम्र 15 साल है। मां और पिता भी बुजुर्ग है। सूरज की शादी हुए 5 साल हो गए है। उसके एक 3 साल की बेटी भी है। सूरज लगभग 5 साल से मजदूरी का काम किया करता था। सूरज के जाने के बाद उसके मां की रो रो कर तबीयत भी बिगड़ गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांवड़िया को टक्कर से भड़के शिवभक्त

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कांवड़ियों ने दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे 58 पर जाम लगा दिया। जाम की वजह एक कांवड़िए की दुर्घटना और आरोपी की गिरफ्तारी न होना था। गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी कांवड़िया कुलदीप कंकरखेड़ा के जटौली स्थित कांवड़ शिविर में रुका था। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल कांवड़िए को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उसे गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। उसके साथी कांवड़िए कंकरखेड़ा में ही रुके रहे। उन्हें जानकारी मिली कि न तो घायल साथी का उचित इलाज हो रहा है और न ही पुलिस ने टक्कर मारने वाले आरोपी को पकड़ा है। इससे नाराज कांवड़ियों ने रात में हाईवे पर जाम लगा दिया।

### ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी

अमन लेखनी समाचार

जेवर, दनकौर कोतवाली क्षेत्र के चूहड़पुर बांगर गांव के पास एक हादसा सामने आया है। 26 जून को बुलंदशहर के अलौदा गांव निवासी मूलचंद अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में मूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने एम्स रेफर कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान इन्फेक्शन बढ़ने के कारण डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ा। पीड़ित की पत्नी नीरज ने चूहड़पुर बांगर के रहने वाले ट्रैक्टर चालक जावेद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# पंचतत्व में विलीन हुए अमर बलिदानी शशि कुमार पाण्डेय

## नाम आंखों से अमर शहीद का हुआ अंतिम संस्कार

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। देश के जम्मू कश्मीर नौसेना सेक्टर में तैनात बीएसएफ के जवान शशि कुमार पाण्डेय का अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण देहावसान हो गया अमर शहीद का पार्थिव शरीर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद अंतर्गत अमौली विकासखंड के पैतृक गांव दयाल नगर निरखी सम्मान सहित लाया गया यह सूचना सुनकर क्षेत्र समेत समूचे जनपद एवं दूसरे जनपदों से भी लोग अंतिम दर्शन के लिए तिरंगे में लिपटा हुआ पार्थिव शरीर जिस समय गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया वहीं भारत माता की जय शशि कुमार पाण्डेय अमर रहे के जयकारे गूंजते दिखाई दिए पैतृक गांव में लखनऊ से आई सेना की बटालियन ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद को अंतिम विदाई दी वही अंतिम संस्कार के समय अमर बलिदानी के बड़े भाई राजकुमार पाण्डेय ने मुखाग्नि दी मिली जानकारी के अनुसार अमर शहीद शशि कुमार पाण्डेय अपने पिता के पांच पुत्रों में चौथे नंबर के पुत्र थे जिनके पिता हीरालाल पाण्डेय तथा माता गौरा पाण्डेय का पूर्व में निधन हो चुका है अमर शहीद शशि कुमार पाण्डेय विगत लगभग 36 वर्ष पूर्व 1 मार्च 1989 को 15 वीं बटालियन बीएसएफ में एएसआई पद पर नियुक्त हुए थे अवकाश के पश्चात वह हाल ही में 16 जुलाई को पुनः ड्यूटी पर गांव से वापस गए जहां 18 जुलाई को ड्यूटी के दौरान रात्रि लगभग 11 बजे दिल का दौरा पड़ जाने के कारण स्थिति चिंताजनक हो गई तत्काल सेना के सब डिवीजन अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उपचार के दौरान उनकी सांसें थम गई अंतिम यात्रा में पैतृक गांव में भारत माता की जय अमर शहीद शशि कुमार पाण्डेय अमर रहे के जयकारे गुंजायमान हो उठे पहुंचे हुए क्षेत्रीय एवं जनपदीय लोगों ने अमर बलिदानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर अमर सहित के भाई कृष्ण कुमार पाण्डेय श्याम बिहारी पाण्डेय भतीजी अंजली पाण्डेय सठिगवां गांव में जन्मे शहीद हुए अमर बलिदानी विजय कुमार पाण्डेय के पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय कारगिल युद्ध में शहीद हुए अमर बलिदानी विजयपाल यादव के भाई अजय यादव दिनेश कुमार जिला पंचायत प्रतिनिधि समाजसेवी बृजेश पटेल समाजवादी पार्टी के जहानाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजेंदर पटेल समेत क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे

# 4 अगस्त को भव्यता से निकलेगी कांवड़ यात्रा, जगह- जगह होगा भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय, झांसी। श्री रामदूत सेवा समिति के तत्वावधान में पिछले नौ वर्षों से निकल रही कावड़ यात्रा इस वर्ष 4 अगस्त को पहले से अधिक भव्यता के साथ निकलेगी। इस संबंध में कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति के आयोजक पं. सुरेंद्र व्यास ने बैठक कर यात्रा की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने यात्रा को विशेष तथा बेहतर बनाए जाने के लिए कई सुझाव भी पदाधिकारियों को दिए और उन्हे जिम्मेदारियाँ सौंपी गयी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि यह कावड़ यात्रा बुंदेलखंड की जीवन दायनी बेत्रवंती एरच से चलकर गुरसराय के भीमाशंकर मन्दिर पर संपन्न होगी। यात्रा में लगभग 2 हजार कावड़िया एरच की बेत्रवंती मैया से पवित्र जल लेकर यात्रा की शुरूआत करेंगे। यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान भोलेनाथ उनके परिवार के स्वरूप के स्वरूप होंगे। यह सभी स्वरूप रथ पर सवार होंगे ।यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया भव्य जायेगा ।कांवड़िए व्यास जी हनुमान मंदिर से एरच के लिए प्रस्थान करेगे। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया 4 अगस्त सोमवार को बस द्वारा बेतवा नदी पहुंचेंगे जहां से कांवर लेकर 22 किलोमीटर पैदल चलकर बेत्रवंती मैया एरच से जल लेकर भीमाशंकर महादेव के मंदिर गुरसराय में भगवान शिवजी का भव्य जलाभिषेक करने के पश्चात महाआरती के कार्यक्रम के बाद भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। महिलाएं भी कांवर यात्रा में शामिल रहेगी। इसमें लगभग 2100 कांवड़िया शामिल होंगे।

# युवती ने जहर खाकर दी जान, मौत से पहले लिखा सुसाइड नोट

### गांव में लगा झूठा आरोप, बना खुदकुशी का कारण

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। गरौठा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरारू में एक महिला ने गंदे आरोपों से तंग आकर जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। 35 वर्षीय जयंती पत्नी राजेंद्र कोरी ने सोमवार सुबह लगभग 5 बजे आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा ले गए, जहां से उसे गंभीर हालत में गुरसराय रेफर किया गया। गुरसराय में हालत और बिगड़ने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन एम्बुलेंस में ले जाते समय ही महिला ने दम तोड़ दिया ।मृतका ने मरने से पहले अपने हाथ से एक सुसाइड नोट लिखा, जिसमें गांव के ही राम प्यारी और उसके पति झुन्नू पर झूठे और गंदे आरोप लगाने का आरोप लगाया गया है। जयंती ने सुसाइड नोट में कहा कि उसके बच्चों को अनाथ करने की जिम्मेदार इन्हीं दो लोगों की हैं। साथ ही उसने अपने ससुराल पक्ष को निर्दोष बताया ।सूचना मिलने पर गरौठा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को दोपहर 12 बजे पोस्टमार्टम के लिए मऊरानीपुर भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतका का पति राजेंद्र फरीदाबाद में मजदूरी करता हैं। उनके एक बेटा और दो बेटियां हैं, जिनकी अभी शादी नहीं हुई है। महिला की मौत से पूरे परिवार में मातम का माहौल है।

# एसडीएम व सीओ द्वारा कावड़ मार्ग का निरीक्षण कर शिवभक्त कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



मुजफ्फरनगर। जनपद के कस्बा बुढाना के चरण सिंह तिराहे पर उपजिलाधिकारी, सीओ, तहसीलदार एवं महिला थानाध्यक्ष द्वारा शिव भक्त कावड़ियों का भव्य स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा कर फल वितरित किए गए हैं। बता दे कि जनपद में कांवड़ यात्रा अंतिम चरण पर है जिसके चलते पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा को सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्धता से अपनी ड्यूटी कर रहे है। जिस पर कस्बे के चरण सिंह तिराहे पर श्रावण मास में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कावड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं भव्यता के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, सीओ गजेंद्रपाल सिंह, तहसीलदार महेंद्र यादव, नायब तहसीलदार अमन कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कुमार, महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा, उप निरीक्षक योगेश कुमार, डॉ राजीव कुमार, आर्य कन्या जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्य प्रमेश की द्वारा आर्य कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षकों व छात्राओं को साथ लेकर शिवभक्त बाल कावड़ियों एवं महिला कावड़ियों को अंगवस्त्र भेंटकर अभिनन्दन किया गया है व पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए फल वितरित किए गए है। इस दौरान एसडीएम मोनालिसा जौहरी व सीओ गजेंद्रपाल सिंह द्वारा कावड़ मार्ग का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।

# स्कूल प्रिंसिपल पर कुत्ते की हत्या का आरोप

### गेटवे कॉलोनी में कुत्ते को गोली मारकर खाली प्लॉट में फेंका, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र की गेटवे कॉलोनी में एक स्कूल प्रिंसिपल पर कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रिंसिपल अमित चौहान अपनी गाड़ी से उतरे और कुत्ते को गोली मार दी। इसके बाद कुत्ते के शव को एक खाली प्लॉट में फेंकवा दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ता सोनिया चौधरी ने ट्विटर पर और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि जीव की हत्या एक गंभीर अपराध है और इस मामले में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय निवासियों ने यह भी मांग की है कि जिस हथियार से कुत्ते को गोली मारी गई, उसकी भी जांच की जाए। आरोप है कि घटना के बाद कुत्ते के शव को वहां से हटा दिया। पुलिस अधिकारी पूरे मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# पुलिस और बदमाश की मुठभेड़

- जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी, चोरी की बाइक- ज्वेलरी और तमंचा बरामद

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस निराला एस्टेट के पास बैरियर लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान गौर सिटी से सूरजपुर की तरफ एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेज गति से आया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान सूरज उर्फ संतोष (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से फिरोजाबाद के थाना लाइन पार क्षेत्र का रहने वाला है और फिलहाल बिसरख के पतवाड़ी गांव में रह रहा था। बदमाश के पास से अवैध तमंचा बरामद पुलिस ने बदमाश के पास से दिल्ली से चोरी की गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल, शाहबेरी की ज्वैलरी शॉप से चोरी किए गए आभूषण और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# दादी की श्रद्धा और पोतों का प्रेम

### 280 किमी की कांवड़ यात्रा में दादी को कंधे पर बिठाकर चल रहे दो भाई

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, मुकंदगढ़ी के दो भाई नीरज और सनी की श्रद्धा और भक्ति का अनूठा उदाहरण सामने आया है। दोनों भाई अपनी दादी को कांवड़ में बिठाकर हरिद्वार से अपने गांव तक की यात्रा कर रहे हैं। हापुड़ में पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। दरअसल, 7 जुलाई को दोनों भाई हर की पैड़ी से गंगाजल लेकर निकले। वे अपनी दादी को साथ लेकर 280 किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं। हापुड़ पहुंचने पर दोनों भाइयों ने बताया कि वे जल्द ही अपने गांव मुकंदगढ़ी पहुंचकर भगवान शिव पर जल चढ़ाएंगे। इस अनूठी यात्रा के बारे में दोनों भाइयों ने बताया कि यह उनकी खुद की इच्छा थी। दादी को कांवड़ में बिठाकर यात्रा करने से उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। इस समय शिवभक्त गौमुख हरिद्वार और तीर्थनगरी गढ़मुक्तेश्वर के घाटों से कांवड़ लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं।

### जैन मंदिर से 400 सोने की बर्क चोरी

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खुर्जा नगर क्षेत्र के बिंदा वाला चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से लाखों रुपए कीमत की सोने की बर्क चोरी का मामला सामने आया है। मंदिर समिति के गोपाल जैन के मुताबिक पिछले 3-4 वर्षों से मंदिर में जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था। मंदिर की दीवारों पर नई सोने की बर्क लगाई जा रही थी। पुरानी बर्क को दीवार से उतार कर डब्बे में रखा जाना था। जब समिति के लोगों ने कारीगर से पूछताछ की तो उसने सोने की बर्क के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। इसके बाद समिति ने कारीगर महेंद्र से सख्ती से पूछताछ की। कारीगर के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए। समिति ने आरोपी कारीगर को खुर्जा पुलिस के हवाले कर दिया। खुर्जा कोतवाली प्रभारी राजपाल तोमर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। कारीगर से पूछताछ की जाएगी।

## कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर एक्शन



### डीसीपी ग्रामीण ने गंगनहर का निरीक्षण किया, गोताखोरों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मुरादनगर में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एसीपी मसूरी सर्किल लिपित नगायच और थानाप्रभारी अंकित कुमार ने पीएसी के गोताखोरों के साथ गंगनहर का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी वाहन को नहीं जाने दे रहा है। कांवड़ सेवा शिविरों में भी पूरी निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बोट पर सवार होकर नहर का निरीक्षण किया। डीसीपी ग्रामीण ने कांवड़ियों से नहर में बैरिकेडिंग के अंदर ही नहाने की अपील की है। उन्होंने गोताखोरों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया। साथ ही नहर में लगी बैरिकेडिंग से बाहर किसी भी कांवड़िए के न जाने की हिदायत दी। डीसीपी ग्रामीण ने मोदीनगर शहर में भी कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रख रहा है।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटी पुलिस

### एसपी ट्रैफिक ने जमीन पर बैठकर पूछा हाल, अफसरों ने बांटे फल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू बनाने में जुटा है। एसपी ट्रैफिक और एसपी सिटी ने कांवड़ मार्ग पर पहुंचकर श्रद्धालुओं की सेवा की। उन्होंने कांवड़ियों को फल वितरित किए और मरहम-पट्टी भी की। डीआईजी कलानिधि नैथानी और एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा भी कांवड़ियों की सहायता में सक्रिय हैं। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा ने शनिवार दोपहर को कांवड़ मार्ग का दौरा किया। दोनों अधिकारियों का कहना है कि शिवभक्तों की सेवा से पुण्य की प्राप्ति होती है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। डीआईजी नैथानी के अनुसार, भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने बताया कि यात्रा को शांतिपूर्ण बनाने के लिए सिविल डिफेंस, एनसीसी के छात्रों और स्वयंसेवी संगठनों को भी शामिल किया गया है। अधिकारी कांवड़ियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कर रहे हैं और उनकी यात्रा को सुगम बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

# हाइटेंशन की चपेट में आया ट्रक चालक, मौत

- फारेंसिक टीम ने की जांच, राजस्थान के तिजारा का रहने वाला था

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हेल्पर के अनुसार वो किसी काम से ट्रक के ऊपर चढ़ा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बतौर फारेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। साक्ष्य एकत्रित किए गए। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान नासिर पुत्र हमीद के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 24 साल थी। राजस्थान के तिजारा का रहने वाला था। वो ट्रक से मॉल लोड करके नोएडा आया था। यहां सेमसंग कंपनी के पास उसने अपना ट्रक रात में खड़ा किया। अनलोडिंग से पहले वो ट्रक पर चढ़ा। ऊंचाई ज्यादा होने से वो अचानक ही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वहीं चिपक गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सप्लाई को बंद करवाया इसके बाद नासिर को ऊपर से उतारा गया। उसकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। फारेंसिक टीम और पुलिस ने साक्ष्य जुटाए है। बहरहाल परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद लाइन को दोबारा से चालू करवाया ।

## संक्षेप

### नींद की झपकी लगते ही पलटा ट्रक, चालक और खलासी की बची जान

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पनवाड़ी कस्बे के सुभाष नगर इलाके में एक लाही से लदा ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना तब हुई जब चालक को नींद की झपकी आ गई। सुबह करीब 4 बजे हरपालपुर से आ रहे इस ट्रक का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक छतरपुर से लाही लादकर आगरा जा रहा था। तभी सुबह के समय थकान के कारण चालक को झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक की चपेट में आकर पास खड़ा एक लोडर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना स्थल पर सुबह के वक्त कोई मौजूद नहीं था जिससे बड़ा हादसा टल गया। पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चालक व खलासी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थाना पनवाड़ी पुलिस ने ट्रक मालिक को सूचित कर दिया है।

### बाइक सवार हुआ घायल इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। कोटा ग्राम पंचायत के टोला सलाईबनवा रविवार की रात लगभग 10:30 बजे में घर जाते हुए घर के पास बाइक से बाइक सवार फिसलकर गिर गया जिसमें बाइक सवार घायल हो गया जिसके स्थानीय लोगों ने घायल को चोपन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सलाईबनवा निवासी लाल बहादुर गोंड पुत्र राम लखन की मौत हो गई जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया इस सम्बंध में चोपन प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि घर जाते समय घर के पास बाइक से फिसलकर गिर जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गई वहीं अग्रीम कारवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजवा दिया गया है।

# करीब दो सप्ताह से सप्लाई नलों में आ रहा गंदा पानी, प्रेस क्लब ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

महोबा। मुख्यालय में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से सप्लाई नलों में गन्दा कीचडयुक्त पानी आने से शहरवासी बेहद परेशान है। कीचडयुक्त पानी न तो पीने के काम आ रहा है और न ही अन्य निस्तारण भी इस पानी से हो पा रहा है। सप्लाई नलों में लगातार गन्दा, कीचडयुक्त पानी पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। बता दे कि शहर में बीते दो पखवारे से लगातार गन्दा, बदबूदार, कीचडयुक्त पानी आ रहा है। यह पानी न तो लोग पी पा रहे है और न ही किसी प्रकार का उपयोग कर पा रहे है। जिससे शहरवासियों में सरकार व विभागीय अधिकारियों के प्रति रोश पनप रहा है।



जिसको लेकर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में दर्जन भर से अधिक पत्रकारों ने जिलाधिकारी गजल भारद्धाज को प्रार्थना पत्र सौप मांग की है कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से सप्लाई नलों में गन्दा पानी आ रहा है। जिससे शहरवासी पीने के पानी के लिये इधर उधर भटक रहे है। शहरवासी दूर दराज क्षेत्रों में लगे हेण्डपम्प से पानी भरने को मजबूर है। प्रेस क्लब ने खराब पडे फिल्टर को शीघ्र ही दुरुस्त कराये जाने तथा लापरवाह कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। गत दिनों नलों में गन्दा, बदबूयुक्त पानी आने की खबर को प्रमुखता के साथ समाचार पत्रों प्रकाशित किया गया था। जिसका संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने उर्मिल बांध पहुंच वाटर ट्रीटमेन्ट तथा फिल्टर आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को शीघ्र ही पानी की साफ सप्लाई दिये जाने के निर्देश दिये थे। लेकिन निरीक्षण के बाद भी लगातार मटमैला पानी आज भी सप्लाई नलों में आ रहा है जिससे मुख्यालय की जनता में भारी आक्रोश पनप रहा है इस दौरान एके त्रिपाठी, राजेश चतुर्वेदी, प्रकाश सक्सेना, सौरभ अग्रवाल, अनुज शर्मा, सुमित तिवारी, विराग पचौरी, नईमुर्रहमान, राजू तिवारी, कैलाश तिवारी, कफील, पंकज गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह चौहान, गोरेलाल कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, आशीष अवस्थी सहित दर्जनों की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# किसान संगोष्ठी और मेले का आयोजनः स्वास्थ्य मंत्री रहे मौजूद

## 20 किसानों को मिनी किट और अनुदान का हुआ वितरण

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में आयोजित किसान संगोष्ठी और मेले में स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए काम कर रही है।मेले में किसानों को कृषि संबंधी जानकारी और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने उत्पादकता बढ़ाने और मिट्टी की सेहत सुधारने के तरीके बताए। जिलाधिकारी संजय चौधरी ने किसानों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से श्री अन्न की खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने का आग्रह किया। कृषि उप



निदेशक संजय कुमार ने सिंचाई सुविधाओं के बेहतर उपयोग पर जोर दिया। कृषि अधिकारी राजेश यादव ने दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी।कार्यक्रम में बहादुरपुर ब्लॉक के 20 चयनित किसानों को मिनी किट और विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह और अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य राज्य मंत्री और जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। डॉ. रमेश सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने नारेबाजी करते हुए पांच सूत्रीय मांगो को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

महोबा। भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) द्वारा नारे बाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँच पांच सूत्रीय मांगो को लेकर डीएम को ज्ञापन सौपा गया है जिसमें उल्लेख किया है कि जनपद में अतिवृष्टि के कारण जिन किसानों की फसले खराब हुई है उन किसानों की फसलों का सही से आकलन कराकर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है कहा कि जनपद में हुई झमाझम बारिश के कारण जिन लोगों के मकान धराशाही या क्षतिग्रस्त हुए हैं उनका सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए बताया कि जनपद की ब्लॉक स्तर पर सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा था बिना बताए ब्लॉक बदलने पर योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है कहा कि विकासखंड पनवाड़ी ग्राम पहाड़ियाँ के हनुमान मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा किए जा रहे हैं कार्यवाही कर भूमि मुक्त कराई जाय ग्राम रिवई में कई दिनों से डीपी खराब होने की सूचना देने पर काफी समय बीत जाने के बावजूद भी दूसरी डीपी नहीं बदली गई है भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में किसानो ने उपस्थित होकर डीएम की चौखट पर धरना प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन देकर जनपद की समस्याओं को दूर करने की मांग उठाई है

# कबरई कुन्हेटा मार्ग को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के डीएम ने कार्यदायी संस्था को दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित 1 करोड़ से ऊपर के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी नें खराब प्रदर्शन करने वाली कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के अन्दर कार्य करते हुए, प्रगति रिपोर्ट सीएमआईएस पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी ली तथा दिशा निर्देश दिए। कबरई फीडर परियोजना का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।खरेला पेयजल योजना में कार्यदाई संस्था ने बताया कि 95 प्रतिशत काम को पूर्ण कर लिया गया है गुरु गोरखनाथ तपोस्थली पर्वत विकास निमार्ण कार्य का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष कार्य को एक सप्ताह के अंदर करने के निर्देश दिए



गए। पुलिस आवास निर्माण कुलपहाड़ में 90 प्रतिशत काम को पूर्ण कर लिया गया है। कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र राम नगर में 96 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है, सद्भाव मंडप केंद्र रामनगर को जल्द से जल्द बिल्डिंग को हैंड ओवर करने के लिए निर्देशित किया गया। नवीन कारागार में 81 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए जिलाधिकारी नें कबरई कुन्हेटा मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। आवासीय भवन निर्माण 89 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है जिलाधिकारी ने अगस्त माह में काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत किल्होआ स्टेडियम निर्माण कार्य को शासन के द्वारा दी गई तिथि पर काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आसाराम, डी.एस.टी.ओ. सादुलउल्लाह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं में दिखा काफी उत्साह

### हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से गूंजे उठे शिवालय

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिले के सभी शिव मंदिरों में श्रावण मास के दूसरे सोमवार के दिन शिव भक्त साफ स्वच्छ स्नान ध्यान आदि कर अपने कार्यों से निवृत होकर भगवान शिव के मंदिर में सुबह से पहुंच कर पूजा अर्चना की जहां मंदिरों में भारी भीड़ देखने को मिली विदित हो कि श्रावण मास के सोमवार के दिन शहर के शिव तांडव बलखंडेश्वर रामकुंड धाम व राम कथा मार्ग सहित सभी शिव मंदिरों में माताएं बेटियों छोटे बच्चों पुरुषों द्वारा भगवान शिव को प्रसन्न करने एवं उनसे फल पाने के लिए अपने घरों से भगवान शिव को अर्पण करने की पूजा सामग्री पीतल की थाली में सजाकर शिव के दिव्य दरबार में पहुंचकर प्रभु को सबसे पहले गंगाजल से स्नान कराकर उन्हें दूध दही शहद घी शक्कर का अभिषेक किया तथा प्रभु भोलेनाथ को भांग धतूरा शमी पत्र बेलपत्र रोड़ी चंदन चावल सहित अन्य सामग्री अर्पण कर उनके दरबार में माथा टेक कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया फिर तत्पश्चात जय शिव ओंकारा की आरती गाकर घड़ियाल घंटी की ध्वनि में वातावरण भक्ति में हो गया शिव भक्त मस्ती में झूम उठे पूजा समापन उपरांत भगवान भोलेनाथ को भोग अर्पण किया हर हर महादेव बम भोले ओम नमः शिवाय के जयकारों से शिवालय गूंज उठे शहर में कई श्रद्धालुओं के द्वारा महामृत्युंजय का जाप तथा अपने घरों में मिट्टी के शिव बनवाकर पूर्ण लाभ कमाया प्रभु की विधि विधान से पूजा अर्चना कर समापन के उपरांत उन्हें जल में विसर्जित किया और कई शिव भक्तों द्वारा घरों में कन्या भोजन एवं लोगों को प्रसाद ग्रहण भी करवाया गया वही शांति व्यवस्था को लेकर शिव मंदिरों में पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

# आटा चक्की संचालक को बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, गोलक लेकर हुए फरार

अमन लेखनी समाचार

महोबा। कबरई थाना क्षेत्र में विवेकनगर मुहल्ले में बीती शाम अज्ञात बाइक सवार बदमाश आटा चक्की संचालक को गोली मारकर रुपए से भरे गोलक को लेकर भाग निकले पुलिस को सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुँच घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने झासी मेडिकल कालेज रिफर कर दिया घटना की सूचना मिलने पर सीओ सिटी भी मौके पर पहुँच गए पुलिस ने घटना की बारीकी से जाच पड़ताल शुरू कर दी और अपराधियों की गिरफ्तार करने की तलाश में जुट गई है वही बाइक सवार बदमाश भागते हुए सीसीटीवी मे दिखाई दिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जाच पड़ताल कर रही है कबरई थाना क्षेत्र के मुहाल विवेक नगर में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के पास आटा चक्की संचालक राम किशोर श्रीवास उर्फ दादी इमानदारी से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे रोजाना के भांति अपनी दुकान खोल कर बैठे हुए थे तभी शाम के वक्त अज्ञात बदमाशो ने रामकिशोर श्रीवास को गोली मार कर दुकान में रखी रुपयो से भरी गोलक को लेकर भाग गए घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा हालत नाजुक होने पर झासी रिफर कर दिया गया है पुलिस अज्ञात बाइक सवार बदमाशो के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की बारीकी से जाच पड़ताल कर आरोपियों की तलाश मे लगी हुई है अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है सरेशाम हुई घटना से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है

# श्रद्धा सेवा और सौहार्द का संगम बनी जैतपुर की कावड़ यात्रा, भक्ति गीतों पर झूमे युवा

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जैतपुर कस्बे में सावन के पावन अवसर पर सोमवार को गगनभेदी बम-बम भोले के जयकारों के बीच विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा मध्य प्रदेश के गररौली से पवित्र गंगाजल लेकर जैसे ही जैतपुर कस्बे की सीमा में पहुंची, पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया। स्वागत में अबीर-गुलाल उड़ाए गए और पुष्प वर्षा के साथ श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व अभिनंदन किया गया।

यात्रा के दौरान कांवड़िए भगवा वस्त्रों में सजे हुए हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ नाचते-गाते नगर भ्रमण करते रहे। कांवड़ियों की टोली में कई युवा भक्त भक्ति गीतों पर झूमते दिखाई दिए। मुख्य मार्गों पर दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे श्रद्धा भाव से कांवड़ यात्रा का दर्शन करने सड़क किनारे खड़े दिखे। इस धार्मिक यात्रा का एक विशेष दृश्य तब देखने को मिला जब पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अला बक्स ने सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम करते हुए श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कांवड़ियों को अंग वस्त्र भेंट किए और जलपान की व्यवस्था भी कराई। इस अवसर पर जैतपुर चौकी इंचार्ज व पुलिस स्टाफ का भी सम्मान किया गया। अला बक्स द्वारा किया गया कार्य धार्मिक एकता और आपसी भाईचारे की मजबूत मिसाल बन गया, जिसकी सभी ने सराहना की। यात्रा पंचमुखी तिराहा होते हुए शिवालय पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान से पूजन कर भगवान शिव को गंगाजल अर्पित किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव की गूंज से भक्तिमय हो गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्सव की गरिमा को बढ़ाया बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द, एकता और भाईचारे का एक प्रेरणादायक संदेश भी समाज को दिया।

# राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

महोबा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जारी शैक्षिक पंचांग, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द यादव द्वारा जारी सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं संचारी रोग जागरूकता संबंधी दिशा निदेर्शों के अनुपालन में पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। मीडिया प्रभारी सतीश मिश्रा ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बुंदेलखंड के विख्यात पत्रकार एवं वरिष्ठ समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया ह्व कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न संस्मरण सुनाते हुए छात्र छात्राओं की



जिज्ञासाओं का समाधान भी किया और उन्हें समझाइश दी कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर समय सारिणी बनाकर योजनाबद्ध और अनुशासन में रहकर पठन पाठन करें। संचारी रोग जागरूकता अभियान की नोडल डॉ सुनैना ने संक्रामक रोगों से बचाव हेतु स्वच्छता एवं साफ सफाई रखने की बात कही। कार्यक्रम में संस्था की वरिष्ठ प्रवक्ता उषा देवी सरोज, शिखा राणा, पूनम यादव, प्रीती कन्नौजिया, रानी हिर्देश, ज्योति राजपूत और दीपेन्द्र सिंह, अंकित राजपूत समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा संपन्नः ओरछा से जल लेकर लौटे श्रद्धालु, ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

पनवाड़ी/महोबा। थाना पनवाड़ी क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला अग्निहोत्रीपुरा से भगवान शिव के जलाभिषेक हेतु बीस सदस्यीय कांवड़िया जत्था गुरुवार को ओरछा स्थित रामराजा मंदिर से पवित्र जल लेने रवाना हुआ था। तीन दिवसीय कठिन यात्रा के उपरांत यह श्रद्धालु जत्था आज सोमवार को सकुशल अपने गंतव्य पर पहुंचा। गांव लौटने से लगभग तीन किलोमीटर पहले ही ग्रामवासियों ने गाजे-बाजे, डीजे की धुन, पुष्पवर्षा और मालाओं से कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया। पूरे रास्ते हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धा



और आस्था से सराबोर यह दृश्य देखकर उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे। कांवड़ियों ने अपने मोहल्ले के शिव मंदिर में पवित्र जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूरे ग्रामवासियों की सुख-शांति की कामना की। इस धार्मिक आयोजन से गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्रामवासियों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे।

# निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण करने के डीएम ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सी.एम. डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। इसी प्रकार ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्तिथि देखी। जिलाधिकारी ने उक्त प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई श्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छूटने ना पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब



तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है वह विभाग सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बी, सी, डी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और ससमय उनका निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की शत प्रतिशत फैमिली आईडी बनाई जाएं और रैंकिंग में सुधार किया जाए। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना में पोर्टल पर फीडिंग न करने व लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि रोड पर घूम रहे गोवंशों को अभियान चलाकर गौशालाओं में भिजवाना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाएँ। उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य को रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नें भवन निर्माण में डी रैंकिंग से ए रैंकिंग मिलने पर अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण की अच्छा कार्य करने पर प्रशंसा की।उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को किसान सम्मान निधि में रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आसाराम सहित सभी सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# हमारे राम में रावण बने आशुतोष राणा

**मुंबई।** आशुतोष राणा बॉलीवुड में कई किरदार निभाने के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्मों में उन्होंने सबसे ज्यादा नेगेटिव गिरदार निभाए हैं। अनुभवी अभिनेता इन दिनों नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभाकर मंच पर सबका दिल जीत रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, राणा ने बताया कि यह नाटक मनोरंजन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका और उसके महत्व के बारे में बात की है। आशुतोष राणा ने कहा 'अगर हम अपनी जिंदगी में भगवान राम की इस कहानी को अपनाते हैं, तो जिंदगी की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

## लाइफ Style

# उर्फी

## पैपराजी से चेहरा छिपाती आई नजर



उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।'उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स'जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार'आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।

## हॉलीवुड मसाला



# जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर'के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



# वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

## टीवी मसाला





# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

**नई दिल्ली।** कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

## तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी... टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हूं, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।

# छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को



देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।

# नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।

**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार



1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।

**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।

## पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

# डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग


*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनीं हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

### नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन'फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

### अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

### मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

### हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

### तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।